दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 236

ग्वालियर, सोमवार 16 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

कश्मीरी पंडितों पर हो रहे हमले 'कश्मीर की आत्मा पर हमले : फारूक अब्दुल्ला

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष और पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीरी पंडितों पर होने वाला हर हमला 'कश्मीर की आत्मा' पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि

हत्या की घटनाओं में बढ़ोतरी घाटी में सामान्य स्थिति होने संबंधी मोदी सरकार के दावों के विपरीत है। पार्टी प्रवक्ता के अनुसार श्रीनगर से सांसद अब्दुल्ला ने पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष अमित कौल के नेतृत्व में कश्मीरी पंडितों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के दौरान उक्त बातें कहीं। अब्दुल्ला ने कहा, हमारे पंडित भाइयों पर हर हमला कश्मीर की आत्मा पर सीधा हमला है। मैं ऐसा समय देखना चाहता हूं, जब कश्मीरी मुसलमान और कश्मीरी पंडित दोनों साथ-साथ रहें। हालांकि, मौजूदा सरकार केवल दिखावे तक ही सीमित है। उनकी सुरक्षित और स्थायी वापसी के लिए एक सक्षम वातावरण बनाने के वास्ते जमीनी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किए जा रहे। गौरतलब है कि 2010-11 में जम्मू-कश्मीर में प्रवासियों के लिए विशेष रोजगार पैकेज के तहत क्लर्क की नौकरी पाने वाले राहुल भट्ट की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। लंबे समय से राजस्व विभाग में काम कर रहे थे। घटना के बाद प्रतिनिधिमंडल

दिल्ली में लू के थपेड़ों की मार, केरल में बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली। दिल्ली में लू के थपेड़ों से लोगों का बुरा हाल है। धूप में रहकर काम करने वालों की मुश्किलें बढ़ी हुई हैं। उधर, देश के दक्षिणी हिस्से में मौसम करवट ले रहा है। जी हां, केरल में बारिश शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए केरल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अरब सागर में तेज पश्चिमी हवाओं के चलते केरल में बादल आ गए हैं। 15 मई को केरल के 6 जिलों में आईएमडी ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य में भारी बारिश की संभावना के मद्देनजर सभी जिलों में जरूरी तैयारियां कर ली गई हैं। उधर, अंडमान सागर में रविवार को मॉनसून पहुंचने वाला है।

केरल के मुख्य सचिव ने शनिवार की शाम को ही सभी संबंधित विभागों की मीटिंग बुलाई थी और जिलाधिकारियों को युद्ध स्तर पर तैयारी करने का निर्देश दिया था। बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील इलाकों के लिए 24 घंटे चलने वाला कंट्रोल रूम शुरू कर दिया गया है। प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भूस्खलन वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को शिफ्ट करने के लिए जरूरत के हिसाब से कैंप शुरू किए जाएं। पानी इकट्ठा होने वाले इलाकों से पंप चलाने के लिए भी तैयारियां की गई हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से पहाड़ी क्षेत्रों की तरफ

जाने से बचने को कहा है। पर्यटकों से कहा गया है कि फिलहाल वे जहां हैं, वहीं रहें। केंद्रीय मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि दक्षिण अंडमान सागर, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक मॉनसून पहुंचने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि गर्म और शुष्क पछुआ हवा से प्रभावित दिल्ली में लू का प्रकोप चरम पर पहुंच सकता है। रविवार को कई इलाकों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने का अनुमान है। सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था, जो इस साल अब तक का सर्वाधिक है। निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में चलने वाली गर्म और शुष्क पछुआ हवाएं अधिकतम तापमान को और बढ़ाएंगी।

बस में आग लगाना आंतकी घटना, स्टिकी बम का इस्तेमाल हुआ

जम्मू। रियासी जिले के कटरा इलाके में बस में आग लगने से 4 लोगों की मौत हुई और 24 अन्य घायल हुए थे। घटना को लेकर अब बड़ी जानकारी सामने आई है। सूत्रों ने दावा किया है कि ये कोई हादसा नहीं था, बल्कि आतंकियों ने इस बस को निशाना बनाया था। खुफिया सूत्रों ने बताया कि इस बस पर स्टिकी बम का इस्तेमाल किया गया था। इसतरह के विस्फोटक आमतौर पर किसी भी चीज से चिपका दिए जाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस के अंदर एक रहस्यमयी विस्फोट के बाद आग लगी थी। हादसे में कई लोग झुलस गए थे। सूत्रों के मुताबिक इस बम को ईंधन टैंक के पास लगाया गया था। एनआईए और खुफिया टीमों ने घटना स्थल का दौरा किया। यहां बम में आरडीएक्स के निशान मिले। इसके अलावा यात्री ने कहा कि आग से पहले धमाके की आवाज सुनी थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बस का निरीक्षण किया। वहां ये टीम करीब डेढ़ घंटे तक रही।

गोरखपुर में सीएम योगी ने 144 करोड़ की परियोजनाओ का लोकार्पण और शिलान्यास किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के दिग्विजय नाथ पार्क में सड़क, संपर्क मार्ग, बाढ़ सुरक्षा एवं शिक्षा आदि की 144 करोड़ रुपए की 100

विकास परियोजनाओ का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर भाजपा नेता रवि किशन समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा अगर कोई प्रशासनिक अधिकारी नियमित रूप से एक घंटा जनता की समस्या के निस्तारण के लिए बैठ जाए तो मुझे लगता है कि हम समाज की तमाम विवाद खत्म कर सकते हैं। सबकी सुनवाई हो, सबको न्याय मिले, हर व्यक्ति सुरक्षित महसूस करे, यही हर सरकार का ध्येय होता है। उन्होंने कहा अगर हम विकास कार्यों की लंबी चौड़ी बात करें और सुरक्षा की गारंटी नहीं दे और व्यक्ति को समय से न्याय न मिल पाए तो मुझे लगता है कि उस विकास के उतने मायने नहीं रहते हैं। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर गोरखपुरवासियों को विकास कार्यों की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नए उत्तर प्रदेश का नया गोरखपुर विकास के सुपथ पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। गोरखपुर वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा गोरखपुर जिन कारणों से बदनाम था, आज उनसे मुक्त हो चुका है। सबसे तेज विकास की प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ते हुए गोरखपुर की पहचान एक महानगर के रूप में स्थापित हो रही है। विकास ही उज्ज्वल और मंगलमय भविष्य की गारंटी हो सकता है। उन्होंने कहा हर एक को न्याय मिले, हर व्यक्ति स्वयं को सुरक्षित महसूस करे किसी भी लोक-कल्याणकारी सरकार का यही ध्येय होता है।

पंजाब में कैदियों के पास से 710 मोबाइल फोन बरामद किए

वीआईपी सेलों को खत्म करेगी मान सरकार

चंडीगढ़। पंजाब की जेलों से अपराधिक गतिविधियां चलाने वाले गैंगस्टरों और अपराधियों के गठजोड़ के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई कर पुलिस ने अब तक जेलों से 710 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस बीच जेलों से वीआईपी कल्चर को जड़ से मिटाने के लिए पंजाब सरकार ने सभी वीआईपी सेलों को खत्म करने और इन्हें

प्रशासनिक ब्लॉकों में बदलने का निर्णय लिया है। जानकारी के मुताबिक 16 मार्च से 10 मई तक एक विशेष मुहिम चलाई गई, जिसके तहत कैदियों से 710 के करीब मोबाइल फोन बरामद किए गए। 16 मार्च से 31 मार्च तक 166 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जबकि 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 354 मोबाइल बरामद हुए हैं। इसके अलावा 1 मई से 10 मई तक की कार्यवाही के दौरान 190 मोबाइल फोन पकड़े गए है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि इन मोबाइल फोनों का प्रयोग गैंगस्टर और तस्कर जेलों से अपनी कार्यवाहियों को चलाने के लिए करते थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन व्यक्तियों के नाम पर यह फोन नंबर चल रहे हैं,उन्हें पकड़ने के लिए जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।सीएम मान ने कहा है कि जिन जेलों से मोबाइल बरामद हुए हैं।

ज्ञानवापी मस्जिद में 80 फीसदी का पूरा सोमवार को भी किया जाएगा बाकी सर्वे

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद में चल रहा दूसरे दिन का सर्वे-वीडियोग्राफी कार्य संपन्न हो गया है। सर्वे का काम 12 बजे तक संपन्न होना था लेकिन दूसरे दिन तय समय से अधिक वक्त तक सर्वे किया गया। कहा जा रहा है कि 16 मई दिन सोमवार को भी सर्वे किया जाएगा। बताया जाता है कि अब तक 80 फीसदी सर्वे ही हो पाया है। ज्ञानवापी मस्जिद परिषद का सर्वे सोमवार को 2 घंटे फिर से किया जाएगा। दूसरे दिन नक्काशीदार गुंबदों सहित 3 कमरों का सर्वे किया गया। इस दौरान हर हिस्से की वीडियोग्राफी हुई। इसी बीच हिंदू पक्ष के अधिवक्ता का भी बयान सामने आया। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने

बताया कि कल भी सर्वे होगा, लग रहा है कि कल सर्वे पूरा हो जाएगा। लगभग 80 फीसदी सर्वे का काम पूरा हो गया है। सर्वे के पहले दिन तहखाने में चार कमरों की वीडियोग्राफी कराई गई थी। जिनमे से 3 कमरे मुस्लिम पक्ष और एक कमरा हिंदू पक्ष के पास है। पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश ने कहा था कि पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। यह कोर्ट का निर्देश है, हमारा कर्तव्य है कि इसे लागू किया जाए। हमने सुरक्षा के सारे इंतजाम किए और अब तक सब कुछ शांतिपूर्ण माहौल में हुआ है। गौरतलब है कि वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर का वीडियोग्राफी सर्वे कराने के लिए नियुक्त अधिवक्ता आयुक्त को पक्षपात के आरोप में हटाने की मांग संबंधी याचिका

अडानी परिवार के किसी सदस्य की राजनीति में दिलचस्पी नहीं : अडानी समूह

अहमदाबाद। मशहूर कारोबारी और दुनिया के टॉप अमीरों में शामिल गौतम अडानी के परिवार को लेकर पिछले कुछ दिनों से एक खबर चर्चा का विषय बनी हुई थी। खबर में दावा किया जा रहा था कि अडानी या उनकी पत्नी डॉ. प्रीति अडानी को राज्यसभा सांसद बनाया जा सकता है। अब इस दावे पर अडानी ग्रुप ने सफाई पेश की है। समूह ने कहा कि अडानी परिवार के किसी सदस्य की राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है। समूह अडानी और डॉ. प्रीति अडानी को राज्यसभा भेजे जाने की खबरों के बारे में जानता है। यह खबरें पूरी तरह से गलत हैं। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी 25 अप्रैल को दुनिया के सबसे अमीर लोगों की फोर्बस की लिस्ट में पांचवे स्थान पर पहुंच गए थे। अडानी की कुल नेट वर्थ 123.1 अरब डॉलर आंकी गई थी। उन्होंने वॉरेन बफेट को पीछे छोड़ते हुए यह स्थान हासिल किया था।

खास खबर

बंगाली टीवी अभिनेत्री पल्लवी देवी ने की खुदकुशी, घर में फंदे से लटका मिला शव

नई दिल्ली। कोलकाता में रविवार बंगाली टीवी अभिनेत्री पल्लवी डे का फंदे से झूलता शव उनके घर से बरामद किया गया है। पुलिस की प्राथमिक छानबीन के मुताबिक यह आत्महत्या का मामला लगता है। पुलिस अन्य एंगल से भी मामले की जांच कर रही है। रविवार सुबह पल्लवी का शव उनके घर में पंखे से लटका मिला। पल्लवी को फंदे से लटका देखकर उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जांच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पल्लवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस इस मामले की छानबीन में लग गई है और एक्ट्रेस के इस कदम के पीछे का कारण पता करने की कोशिश कर रही है। पल्लवी के अचानक आत्महत्या की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया है। पल्लवी बंगाली टीवी इंडस्ट्री की एक ख्यात अभिनेत्री थीं। वह टीवी शो 'मन माने ना' में मुख्य भूमिका निभा रही थीं।

बिजनौर में उधारी मांगने पर तीन लोगों ने की दुकानदार की पिटाई, उपचार के दौरान मौत

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के बिजनौर के शिवाला कलां थाना क्षेत्र के एक गांव में उधार के 30 रुपये मांगने पर तीन लोगों ने दुकानदार की लाठी-डंडों से जोरदार पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार रात की है। स्थानीय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रामअर्ज के मुताबिक, शिवाला कलां थाना क्षेत्र के टांडा ढाकी गांव में परचून की दुकान चलाने वाले यशपाल (50) शनिवार रात जब उधार के 30 रुपये मांगने पहुंचे तो भूपेंद्र, उसके भाई योगेंद्र और आशि ने उनकी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल यशपाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

राजनीति संबंधी समन्वय समिति की बैठक में मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकाला गया: थरूर

उदयपुर। कांग्रेस चिंतन शिविर के आखिरी दिन पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने रविवार को कहा कि राजनीति संबंधी समन्वय समिति में खुलकर चर्चा की गई और सौहार्दपूर्ण समाधान निकाला गया। राजनीति संबंधी समन्वय समिति के सदस्य थरूर ने अपने साथी नेताओं के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया राजनीतिक समिति के सदस्यों द्वारा बीती रात के मंथन के बाद इसके कुछ सदस्य ग्रुप फोटो के लिए एकत्र हुए। यह चर्चा इस बात की ठोस मिसाल है कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र कायम है। उन्होंने कहा गहन मंथन किया गया और सौहार्दपूर्ण समाधान निकाला गया।

राष्ट्रगान गाने को लेकर विवाद पैदा करने वालों को देश में रहने का हक नहीं :भाजपा

बेंगलुरु। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने कहा कि राष्ट्रगान गाने को लेकर विवाद पैदा करने की कोशिश करने वाले इस देश में रहने के हकदार नहीं हैं। रवि ने कहा कि जो ''भावनात्मक'' तौर पर भारतीय हैं, वे राष्ट्रगान को लेकर कभी विवाद पैदा नहीं करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि निर्देश मिलने पर पालन करने के बजाय मदरसों को स्वतः इसका पालन करना चाहिए। उत्तर प्रदेश में पिछले गुरुवार से सभी मदरसों में 'जन गण मन' गाना अनिवार्य कर दिया गया है। यह पूछने पर कि क्या कर्नाटक के मदरसों के लिए भी इस प्रकार के कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

गुना में पुलिसकर्मियों की हत्या के दो आरोपी मुठभेड़ में ढेर, बाकी की तलाश में जुटे 8 थानों के 100 से अधिक जवान

भोपाल। गुना पुलिसकर्मी हत्याकांड के दो आरोपियों को पुलिस ने मार गिराया है। शनिवार देर रात तक पुलिस अन्य आरोपियों की भी सर्चिंग करती रही, लेकिन उनमें से किसी का भी अब तक सुराग नहीं लग सका है। इस घटना के बाद बिंदौरी गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश में 8 पुलिस थानों के 100 से अधिक पुलिस कर्मियों को लगाया गया है। बताया जाता है कि इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी शहजाद ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से पुलिस पर करीब 9 राउन्ड फायर किए थे। गुना के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजीव कुमार मिश्रा ने बताया पुलिस की कार्रवाई में दो लोग मारे गए हैं। जबकि दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तीन अन्य आरोपी अभी फरार चल रहे हैं, उनकी तलाश की जा रही है। एक शख्स कल के एनकाउंटर में मारा गया था। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस हत्याकांड पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि इसमें से किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। जिन्होंने ऐसे अपराधियों को संरक्षण दिया है, उनकी भी जांच की जा रही है। इससे पहले पुलिस ने मुख्य आरोपी

शहजाद की गिरफ्तारी के लिए उसके पिता निसार को हिरासत में लिया था। उसने बताया कि उसका बड़ा बेटा शहजाद छोटे भाई नौशाद को लेकर रात करीब दस बजे शिकार के लिए जंगल गया था। दोनों भाई शिकार के शौकीन थे। शनिवार को शहजाद की बेटी की शादी थी। निसार ने बताया कि नौशाद को सीने पर गोली लगी थी और सुबह जब वह घर आया था तो नग्न हालत में था। पुलिस ने निसार को रिहा कर दिया है।

बताया जाता है कि पुलिस जब शिकारियों को पकड़ने गई, तो शहजाद ने उन पर अपनी लाइसेंसी बंदूक से 9 राउन्ड गोलियां चलाईं। इसमें तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए। इस बीच आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने 12 से ज्यादा संदिग्धों को उठाया और उनसे पूछताछ की। इस कार्रवाई की मॉनिटरिंग बजरंगगढ़ थाने से की गई। स्वयं एसपी थाने में मौजूद थे। 8 थानों के 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी आरोपियों की तलाश में जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार-शनिवार रात करीब 1 बजे काले हिरण के शिकारियों ने गुना में तीन पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी। गुना एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने बताया था कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बदमाश सगा बरखेड़ा की तरफ से आ रहे हैं।

कांग्रेस का 2024 का ब्लूप्रिंट तैयार, कश्मीर से कन्याकुमारी तक पदयात्रा करेंगे राहुल गांधी

कांग्रेस के 'नव संकल्प शिविर में इसबात को लेकर बनी सहमति

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस का 'नव संकल्प शिविर का रविवार को आखिरी दिन है। इस बीच खबर हैं, कि कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को फिर से पूरी ताकत के साथ खड़ा करने के लिए राहुल गांधी की पदयात्रा का प्लान बनाया है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले एक साल में कश्मीर से कन्याकुमारी की यात्रा करने वाले हैं, इसमें से अधिकांश 'पदयात्रा' होगी। इसके जरिए कांग्रेस देश के लोगों अपने साथ जोड़ने की कोशिश करेगी।

वहीं दूसरी जानकारी यह हैं कि जी 23 (कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन के पक्षधर नेता) नेताओं ने कांग्रेस पार्टी

पार्लियामेंट बोर्ड बनाने की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 'नव संकल्प शिविर' के दूसरे दिन शनिवार को पार्टी के महासचिवों, प्रदेश प्रभारियों, प्रदेश इकाई के अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में ही उपरोक्त विषयों पर चर्चा हुई और सभी नेताओं और पदाधिकारियों ने योजना पर हामी भरी। सोनिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कमलनाथ, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास, गौरव गोगोई, अशोक गहलोत समेत कई अन्य बड़े नेता मौजूद थे। वहीं, चिंतन शिविर के पहले दिन शुक्रवार को सोनिया गांधी ने कांग्रेस में आमूलचूल बदलाव की पैरवी करते हुए कहा था कि असाधारण परिस्थितियों का मुकाबला असाधारण तरीके से किया जाता है। इधर हाल ही में कांग्रेस छोड़ने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार ने दावा किया कि कई अन्य नेता जल्द ही पार्टी को अलविदा कह देने वाले हैं।

एंबुलेंस में पिता की लाश लेकर घर पहुंची बेटियां, दादा और चाचा ने घर में घुसने से रोका

पूर्णिया। पूर्णिया में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां दो बेटियां 4 घंटे तक एंबुलेंस पर अपने पिता का शव लेकर घर के दरवाजे पर खड़ी रहीं, लेकिन उनके दादा और चाचा ने उन्हें घर में घुसने नहीं दिया। उन्होंने इन दोनों बहनों का रास्ता घर के सामने ट्रैक्टर लगाकर रोक दिया। जिसकी वजह से दोनों बहनें अपने पिता की लाश अपने घर में नहीं ला सकीं।

इतना ही नहीं, दादा और चाचा ने उनके पिता से किसी भी तरह का रिश्ता होने ने से इनकार कर दिया। डीएम, एसपी, मुफस्सिल थाना और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इन बहनों के पिता का दाह संस्कार

किया गया। यह मामला पूर्णिया के मुफस्सिल थाना के दीवानगंज के वॉर्ड नंबर 6 का है। यहां रहनेवाले नवीन मंडल की मौत अस्पताल में हृदय गति रुकने से हो गई थी। उसके बाद उनकी दो बेटियां सोनी और मोनी एंबुलेंस से अपने पिता का शव लेकर घर पहुंचीं। दोनों बच्चियों के दादा और चाचा ने शव को घर में लाने नहीं दिया। तब सैकड़ों ग्रामीणों के साथ डिमिया छतर जान के मुखिया अंगद मंडल भी मौके पर पहुंचे और मृतक के पिता और भाई को काफी समझाया, लेकिन वे लोग नहीं माने।

न्यूज़ ट्रैक....

थॉमस कप विजेता टीम को एक करोड़ का इनाम देगा केन्द्रीय खेल मंत्रालय : ठाकुर

मुंबई। केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर पहली बार थॉमस कप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए एक करोड़ रुपए के पुरस्कार की घोषणा की है। भारतीय टीम ने 73 साल में पहली बार थॉमस कप जीतकर इतिहास रचा है। भारत की इस जीत में लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी और किदांबी श्रीकांत की अहम भूमिका रही। इन तीनों ने ही अपने-अपने मैच जीतने के बाद भारत को खिताबी मुकाबले में भी जीत दिलायी। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक ट्वीट में टीम को नकद पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की। उन्होंने लिखा कि जैसा कि भारतीय टीम ने 14 बार के थॉमस कप चैंपियन इंडोनेशिया को हराकर अपना पहला थॉमस कप 2022 जीता, इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए 1 करोड़ के नकद पुरस्कार की घोषणा करते हुए मुझे गर्व का अनुभव हो रहा है। टीम इंडिया को बधाई। भारत इंडोनेशिया, चीन, मलेशिया, जापान और डेनमार्क के बाद थॉमस कप जीतने वाला छठा देश है।

पृथ्वी को अस्पताल से छुट्टी मिली

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेटर पृथ्वी शॉ की आईपीएल में वापसी हो सकती है। पृथ्वी को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। उन्हें इस महीने की शुरुआत में ही तेज बुखार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने एक बयान में कहा, ' टीम के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। वह टाइफाइड से पूरी तरह से उबर गये हैं पर टीम होटल में चिकित्सा टीम अब भी उनकी हालत पर नजर रखे हुएहै। पृथ्वी ने दिल्ली कैपिटल्स की ओर से अपना पिछला मुकाबला एक मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खेला था और उसके बाद से ही बीमार होने के कारण वह टीम से बाहर थे। उनके तीन मुकाबलों में बाहर रहने से टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल पायी। अब पृथ्वी की वापसी से टीम की बल्लेबाजी बेहतर होने की उम्मीदें हैं। इस क्रिकेटर ने स्वयं अस्पताल से इस्टाग्राम पर लिखा था कि उन्हें जल्द वापसी की उम्मीद है। पृथ्वी ने इस आईपीएल सत्र में अब तक नौ मैच में 28.77 के औसत से 259 रन बनाए हैं और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 160 रहा।

सीएसके टीम के कप्तान बन सकते हैं ऋतुराज : सहवाग

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके पास सीएसके का कप्तान बनने की सभी योग्यताएं हैं हालांकि आईपीएल के इस सत्र में इस क्रिकेटर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और उसने 12 मैचों में 26.08 के औसत से केवल 313 रन ही बनाए हैं।

प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार रखने आज उतरेंगी दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स

शाम 7:30 बजे शुरू होगा मैच

नई मुंबई। आईपीएल के 15 वें सत्र में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच प्ले ऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बरकरार रखने मुकाबला होगा। ऐसे में यह दोनों ही टीमें जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेंगी। इस मुकाबले में जो भी टीम हारेगी वह प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। दोनो ही टीमों के अभी 12 - 12 अंक हैं पर बेहतर रन औसत के आधार पर दिल्ली की टीम पांचवे जबकि पंजाब किंग्स की टीम सातवे स्थान पर है। ऐसे दिल्ली को दो या अधिक टीम के समान अंक होने की स्थिति में लाभ मिल सकता है।

दिल्ली ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया था, इसलिए वह बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। वहीं पंजाब किंग्स ने भी अपने पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को हराया था , इसलिए उसका आत्मविश्वास भी बढ़ हुआ रहेगा। दिल्ली की बल्लेबाजी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के अलावा कप्तान ऋषभ पंत पर आधारित रहेगी। वॉर्नर ने अब तक टीम को अच्छी शुरुआत दी है पर उन्हें अच्छा जोड़ीदार नहीं मिल पा रहा है। मनदीप सिंह और श्रीकर भरत अब तक सलामी जोड़ीदार के तौर पर नाकाम रहे हैं। वहीं पृथ्वी शॉ को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है पर उनके खेलने की उम्मीदें नहीं हैं। दिल्ली के लिए राहत की बात यह है कि मिशेल मार्श लय में आ गए हैं। उन्होंने पिछले मैच में गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था।

इसके अलावा कप्तान ऋषभ को भी बड़ी पारी खेलनी होगी। इसके अलावा रोवमैन पावेल ने भी पिछले मैच में आक्रामक बल्लेबाजी कर दिखाया है कि शीर्ष

क्रम से मदद मिलने पर वह टीम को मैच जिता सकते हैं। वहीं दूसरी ओर पंजाब की गेंदबाजी की कमान तेज गेंदबाज कागिसो रबादा के पास है जिनका सामना करना दिल्ली के लिए आसान नहीं रहेगा। इसके अलावा पंजाब के पास अर्शदीप सिंह के तौर पर एक और बेहतरीन तेज गेंदबाज है पर स्पिनर राहुल चाहर ने अबतक निराश किया है। वहीं दिल्ली की ओर से गेंदबाजी की कमान एनरिच नोर्किया के पास रहेगी। युवा तेज गेंदबाज चेतन सकारिया ने पिछले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी पर शार्दुल ठाकुर अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं और महंगे साबित हुए हैं। पंजाब की बल्लेबाजी कप्तान मयंक अग्रवाल , जॉनी बेयरस्टो, लियाम लिविंगस्टोन, शिखर धवन और भानुका राजपक्षे के पास रहेगी। ऐसे में दिल्ली के गेंदबाजों के लिए इन खिलाड़ियों पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। बेयरस्टो और लिविंगस्टोन की जोड़ी किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकती है।

धवन ने अब तक अच्छी बल्लेबाजी की है और वह पंजाब के शीर्ष स्कोरर हैं और इस मुकाबले में टीम को उनसे बड़े स्कोर की उम्मीद रहेगी। धवन के साथ पारी की शुरुआत करने के बाद बेयरस्टो ने भी लय हासिल कर ली है और यह टीम के लिए राहत की बात है। राजपक्षे को हालांकि अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने की जरूरत है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं- दिल्ली कैपिटल्स- ऋषभ पंत (कप्तान), अश्विन हेब्बार, डेविड वॉर्नर, मनदीप सिंह, पृथ्वी साव, रोवमैन पावेल, एनरिच नोर्किया, चेतन सकारिया, खलील अहमद, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, मुस्तफिजुर रहमान, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कमलेश नागरकोटी , ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, रिपल पटेल, सरफराज खान, विक्की ओस्तवाल, यश ढुल, केएस भारत और टिम सीफर्ट।

पंजाब किंग्स- शिखर धवन, मयंक अग्रवाल (कप्तान), अर्शदीप सिंह, कागिसो रबादा, जॉनी बेयरस्टो, राहुल चाहर, हरप्रीत बरार, शाहरुख खान, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, ईशान पोरेल, लियाम लिविंगस्टोन, ओडियन स्मिथ, संदीप शर्मा, राज अंगद बावा, ऋषि धवन, प्रेरक मांकड़, वैभव अरोड़ा, रितिक चटर्जी।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमंड्स की कार हादसे में मौत

सिडनी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एंड्रयू साइमंड्स की एक कार हादसे में मौत हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनसार यह हादसा शनिवार रात हुआ। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया पर उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस हादसे की खबर के बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में शोक की लहर है।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, 'शुरुआती जानकारी से पता चला कि रात 11 बजे के बाद एलिस रिवर ब्रिज के पास हर्वे रेंज रोड पर साइमंड्स कार से जा रहे थे तभी कार अनियंत्रित होने से दुर्घटनागस्त हो गयी। आपदा राहत दल ने साइमंड्स को बचाने का प्रयास किया पर उन्हें बचाया नहीं जा सका। फोरेंसिक क्रैश यूनिट इस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।' गौरतलब है कि ऑलराउंडर साइमंड्स साल 1998 से 2009 के बीच ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के अहम सदस्य थे। इस क्रिकेटर ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 26 टेस्ट, 198 वनडे और 14 टी20 मुकाबले खेले थे। टेस्ट में उनके नाम 1462, वनडे में 5088 और टी20 में 337 रन दर्ज है। तीनों फार्मेट में उन्होंने 165 विकेट लिए हैं। उन्हें फील्ड पर अपने आक्रामक अंदाज और फील्डिंग के लिए जाना जाता था। वह साल 2003 में एकदिवसीय विश्व कप, साल 2006 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और 2007 में वनडे विश्वकप जीतने वाली टीम में शामिल सदस्य थे। साइमंड्स ने अपने पहले ही विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ छठे नंबर पर उतरकर नाबाद 143 रनों की आक्रामक पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। इसके बाद से ही वह टीम में एक शानदार ऑलराउंडर के तौर पर उभरे थे। साइमंड्स आईपीएल के शुरुआती संस्करण 2008 में डेक्कन चार्जर्स में शामिल थे। साइमंड्स ने 39 आईपीएल मैचों में 36 की औसत से 974 रन बनाए थे।

कप्तानी छोड़ने के बाद भी आईपीएल में खामोश हैं कोहली का बल्ला

19 मई को गुजरात टाइटंस से अंतिम मुकाबला

नई दिल्ली। विराट कोहली अब तक आईपीएल का खिताब नहीं जीत सके हैं। आईपीएल 2022 से पहले कोहली ने आरसीबी की कप्तानी छोड़ दी थी। जिसके बाद उम्मीद थी कि बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने टीम आगे बढ़ेगी। टी20 लीग के 15वें सीजन में टीम ने अच्छी शुरुआत भी की, लेकिन फाफ डुप्लेसी की अगुआई वाली टीम को अंतिम 6 मैच में से 4 में हार मिली। इस कारण टीम के प्लेऑफ की राह बेहद मुश्किल हो गई है। टी20 लीग के 60वें मुकाबले में पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 54 रन से करारी शिकस्त दी। यह टीम की 13 मैचों में छठी हार है। टीम अभी 14 अंक के साथ चौथे नंबर पर है। आरसीबी की टीम अब तक आईपीएल का खिताब नहीं जीत सकी है।

आरसीबी को अंतिम लीग राउंड के मुकाबले में 19 मई को गुजरात टाइटंस से भिड़ना है। गुजरात की टीम पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। गुजरात ने अब तक 12 में से 9 मुकाबले जीते हैं। टॉप-6 टीमों की बात की जाए, तब सिर्फ आरसीबी का ही रनरेट माइनस में है। टीम का रनरेट -0.323 है। इसके बाद यदि गुजरात से अंतिम मुकाबला हार जाती है, तब उसके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद लगभग खत्म हो जाएगी। पहले लीग मुकाबले में गुजरात की टीम आरसीबी को 6 विकेट से हरा चुकी है।

लखनऊ सुपर जॉयंट्स के 12 मैच में 16 अंक हैं। टीम बचे 2 मैच में से एक में भी जीत दर्ज कर लेती है, तब वह प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। वहीं राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के 2-2 मैच बचे हैं। राजस्थान के 14 अंक हैं, जबकि दिल्ली व पंजाब के 12-12 अंक हैं। राजस्थान को लखनऊ और सीएसके से भिड़ना है। वहीं दिल्ली को पंजाब और मुंबई से खेलना है। यानी पंजाब और दिल्ली में से एक ही टीम 16 अंक तक पहुंच सकेगी। हैदराबाद के 11 मैच में 10 जबकि केकेआर के 12 मैच में 10 अंक हैं। केकेआर और हैदराबाद को 15 मई को भिड़ना है। केकेआर के लिए यह मैच करो या मरो वाला है। टीम यदि यह मैच हार जाती है, तब प्लेऑफ की रेस से बाहर होगी।

जोकोविच ने करियर की 1000वीं जीत दर्ज की

स्वियाटेक भी फाइनल में पहुंची

रोम। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच इटली ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गये हैं। जोकोविच ने सेमीफाइनल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए नार्वे के कास्पर रूड को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया। जोकोविच ने इसी के साथ ही अपने करियर की 1000वीं जीत दर्ज की। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले जिमी कोनर्स(1,274 जीत), रोजर फेडरर (1,251), इवान लेंडल (1,068) और रफेल नडाल (1,051) के बाद पांचवें पुरुष खिलाड़ी हैं। मैच के बाद जोकोविच को केक दिया गया जिस पर '1,000% लिखा था। अब जोकोविच का मुकाबला फाइनल में यूनान के स्टीफानोस सितसिपास से होगा। इस मुकाबले को जीतकर यह सर्बियाई खिलाड़ी अपना छठा खिताब जीतने का प्रयास करेगा।

इससे पहले कोरोना वायरस टीकाकरण नहीं होने के कारण उन्हें ऑस्ट्रेलियाई ओपन सहित कई टूर्नामेंटों में भाग नहीं लेने दिया गया था। वहीं एक अन्य सेमीफाइनल में सितसिपास ने एलेक्सांद्र ज्वेरेव को कड़े मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर पहली बार यहां खिताबी मुकाबले में स्थान बनाया। वहीं महिला वर्ग के सेमीफाइनल में पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने एरिना सबालेंका को 6-2, 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

व्यापारन्यूज

पेट्रोल और डीजल की कीमतें 39वें दिन भी स्थिर

नई दिल्ली। घरेलू बाजार में तेल विपणन कंपनियों ने रविवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमतें नहीं बढ़ाई है। जिसके कारण लगातार 39वें दिन ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार की कीमत अस्थिर बनी हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपए प्रति लीटर है। यूक्रेन तथा रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड 111.55 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 3.80 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 110.16 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद ?पिछले 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने 48 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपए प्रति लीटर की तेजी आई है।

फिल्म वितरण के बारे में बाजार से संबंधित अध्ययन कर रहा

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) देश में फिल्म वितरण के बारे में बाजार से संबंधित अध्ययन कर रहा है। आयोग के कदम का उद्देश्य उद्योग के भीतर स्व-नियामन की संभावनाओं की तलाश करना है] ताकि इसमें प्रतिस्पर्धी परिदृश्य बना रहे। सीसीआई बाजार में अनैतिक तौर-तरीकों पर नजर रखता है। उसके पास फिल्म उद्योग से संबंधित मामले भी आते रहते हैं। सीसीआई के अधिकारी ने कहा, फिल्म वितरण संबंधी बाजार का अध्ययन शुरू हुआ है, जिससे फिल्म वितरण श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी-रोधी तौर-तरीकों को लेकर क्या चिंताएं हैं और प्रतिस्पर्धा की स्थिति क्या है, इस तरह के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी मिलेगी। यह अध्ययन उस समय हो रहा है, जब फिल्म उद्योग में डिजिटलीकरण और ओटीटी मंच महत्वपूर्ण कारक बन रहे हैं। बाजार गतिशीलता और निर्माण के बारे में बेहतर समझ हासिल करने के लिए सीसीआई ने अध्ययन शुरू किया है।

टाटा संस समूह के वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों से सीएम प्रमोद सावंत ने की मुलाकात

पणजी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने टाटा संस समूह के वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों से मुलाकात कर राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के विभिन्न तरीकों पर उनके साथ चर्चा की। सावंत के साथ-साथ उद्योग मंत्री मॉविन गोदिन्हो और प्रमुख सचिव पुनीत कुमार गोयल ने टाटा संस समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, नियोल टाटा और अन्य शीर्ष मुख्य कार्यपालिक अधिकारियों (सीईओ) के साथ गोवा में निवेश को बढ़ावा देने के बारे में चर्चा की। बैठक के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी, विमानन विनिर्माण, खुदरा, आतिथ्य, आतिथ्य के लिए प्रशिक्षण केंद्र आदि पर बात की गई।

विदेश में अब तक की सबसे बड़ी डील करने की तैयारी में मुकेश अंबानी

मुंबई। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी विदेश में अब तक की सबसे बड़ी डील करने की तैयारी में हैं। इसके लिए रिलायंस ने अमेरिका की बायआउट फर्म अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के साथ हाथ मिलाया है। रिलायंस और अपोलो ग्लोबल मिलकर ब्रिटेन की फार्मेसी चेन बूट्स के लिए बोली लगाने की योजना बना रहे हैं। लेकिन इसके लिए उन्हें ब्रिटेन के सुपरमार्केट ग्रुप अदस के मालिक अरबपति इस्सा ब्रदर्स (जुबेर और मोहसिन इस्सा) से कड़ी चुनौती मिल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक बूट्स को खरीदने की होड़ में इस्सा ब्रदर्स सबसे आगे चल रहे हैं। बोली लगाने की समयसीमा अगले हफ्ते खत्म हो रही है और पहले दौर में इस्सा ब्रदर्स ने सबसे ऊंची बोली लगाई है। इस्सा ब्रदर्स ने हाल के वर्षों में कई कंपनियों का टेकओवर किया है। इनमें ब्रिटेन की सुपरमार्केट चेन असदा ग्रुप लिमिटेड और फास्ट फूड

रेस्टोरेंट्स चेन लिओन शामिल हैं। बूट्स को पाने के लिए उन्होंने टीडीआर कैपिटल के साथ हाथ मिलाया है। यह डील 9.5 से 10 अरब डॉलर की हो सकती है। अगर यह मुकेश अंबानी के हाथ लगती है, तब विदेश में उनकी सबसे बड़ी डील होगी।

वालग्रींस का मुख्यालय अमेरिका में इलिनॉय प्रांत के डियरफील्ड में है। ब्रिटेन में यह कंपनी बूट्स के नाम से फार्मेसी स्टोर चलाती है। हाल में खबर आई थी कि रिलायंस ने इसके लिए अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के साथ औपचारिक तौर पर हाथ मिलाया। इससे बूट्स को भारत, दक्षिणपूर्व एशिया और मध्यपूर्व में अपना कारोबार फैलाने का मौका मिलेगा। सूत्रों के मुताबिक योजना के मुताबिक बूट्स में रिलायंस और अपोलो दोनों की हिस्सेदारी होगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह हिस्सेदारी बराबर होगी या नहीं।

वालग्रींस अमेरिका की दूसरी सबसे बड़ी फार्मेसी चेन है। कंपनी ने जनवरी में रणनीतिक समीक्षा की घोषणा के बाद बूट्स के बिजनस को बेचने और अपने घरेलू बिजनस पर फोकस करने का फैसला किया था। बूट्स के ब्रिटेन में करीब 2,200 स्टोर हैं, जिसमें फार्मेसी, हेल्थ और ब्यूटी स्टोर शामिल हैं।

एयर इंडिया की अगुआई करना एक शानदार अवसर: सीईओ

नई दिल्ली। पबेल विल्सन ने एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) के तौर पर अपनी नियुक्ति के बारे में कहा कि एक एतिहासिक एयरलाइन की अगुआई करना एक शानदार अवसर है। विल्सन ने कहा कि इस नई भूमिका में उन्हें बहुत चुनौतीपूर्ण काम करना है। वह अभी सिंगापुर एयरलाइंस के पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी स्कूट एयर के सीईओ हैं। सिंगापुर एयरलाइन्स (एसआईए) टाटा समूह के संयुक्त उद्यम वाली एयरलाइन विस्तार में साझेदार है। स्कूट के कर्मचारियों को भेजे संदेश में विल्सन ने कहा ?कि मैंने कार्यकारी दल और कर्मचारी संगठन के नेताओं को स्कूट और एसआईए समूह से अपने इस्तीफे के बारे में बता दिया है। विल्सन ने कहा ?कि स्कूट को छोड़ने का फैसला खासा मुश्किल रहा है। आगे का मार्ग बहुत चुनौतीपूर्ण है और मुझे प्रसन्नता है कि एयर इंडिया के निदेशक मंडल ने मुझे इस एयरलाइन का नया सीईओ चुना है। अब टाटा समूह के स्वामित्व वाली ऐतिहासिक एयरलाइन की अगुआई करने, उसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने का शानदार अवसर है। इस उत्साहजनक चुनौती की यात्रा शुरु करके मैं प्रसन्न हूं। टाटा समूह ने ?पिछली 27 जनवरी को सरकार से एयर इंडिया का नियंत्रण संभाला है।

फिर महंगा हुआ सीएनजी से गाड़ी चलाना

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में सीएनजी गैस की कीमतें एक बार फिर बढ़ गई हैं। सीएनजी गैस की कीमतों में 2 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई हैं। बढ़ी हुई कीमतें रविवार सुबह 6 बजे से लागू हो गई हैं। इस तरह अब दिल्ली में सीएनजी गैस 73.61 रुपए प्रति किलोग्राम में मिलेगी। सीएनजी की कीमतों में ठीक एक महीने बाद यह बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले 14 अप्रैल को सीएनजी के दाम ढाई रुपए प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए थे। इसके बाद दिल्ली में एक किलो सीएनजी की कीमत 71.61 रुपए गई थी। दिल्ली में सीएनजी की कीमत 2 रुपए प्रति किलोग्राम बढ़कर 73.61 रुपए पर पहुंच गई है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में गैस की खुदरा कीमत 76.17 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। वहीं मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी गैस की कीमत 80.84 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। गुरुग्राम में 81.94 रुपए प्रति किलोग्राम है। रेवाड़ी में 84.07 रुपए प्रति किलोग्राम, करनाल और कैथल में 82.27 रुपए प्रति किलोग्राम, कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर की में 85.40 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है।

आरबीआई ने महाराष्ट्र के सहकारी बैंक पर लगाई कई पाबं?दियां!

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महाराष्ट्र के एक सहकारी बैंक पर पैसे निकालने सहित कई पाबंदियां लगा दी है। केंद्रीय बैंक के मुताबिक कोल्हापुर के महशंकरराव पुजारी नूतन नगरी सहकारी बैंक लिमिटेड गंभीर वित्तीय स्थिति में है। यह कामकाज करने की स्थिति में नहीं है। आरबीआई के फैसले के बाद इस बैंक के अकाउंट होल्डर्स फिलहाल पैसे नहीं निकाल पाएंगे। हालांकि बैंक के 99.88 फीसदी जमाकर्ता डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) बीमा योजना के दायरे में हैं। इस योजना के तहत 5 लाख रुपए तक की जमा राशि का बीमा होता है। केंद्रीय बैंक ने बताया कि शंकरराव पुजारी नूतन नगरी सहकारी बैंक पर यह पाबंदी 13 मई, 2022 को कारोबार बंद होने से 6 महीने की अवधि के लिए लागू की गई है। इस दौरान बैंक के कामकाज की समीक्षा होती रहेगी। आरबीआई के अनुसार बैंक में फिलहाल मौजूद धन यानी लिक्विडिटी को ध्यान में रखते हुए सभी बचत, चालू या अन्य खातों में जमा रकम से जमाकर्ताओं को रकम निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। हालांकि, शर्तों के अनुसार जमा के खिलाफ लोन की वसूली की जा सकती है। केंद्रीय बैंक ने साफ किया है कि उसके इस कदम को बैंक का लाइसेंस रद्द करना नहीं माना जाना चाहिए।

डीमार्ट की पेरेंट सुपरमार्ट एवेन्यु को मार्च तिमाही में 427 करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। दिग्गज निवेशक राधाकिशन दमानी की अगुआई वाली एवेन्यु सुपरमार्ट ने वित्त वर्ष 2021-22 की अंतिम तिमाही में 3114 फीसदी की वृद्धि के साथ 427 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में ये 414 करोड़ रुपए था। बता दें कि एवेन्यु सुपरमार्ट फूड ऐंड ग्रोसरी रिटेल चेन डी मार्ट की पेरेंट कंपनी है। मार्च तिमाही में इसकी समेकित आय 2020-21 की समान अवधि के मुकाबले 18.53 फीसदी बढ़कर 8786 करोड़ रुपए हो गई है। वित्त वर्ष 2020-21 की मार्च तिमाही में कंपनी को 7412 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई थी। समीक्षाधीन तिमाही के लिए वार्षिक आधार पर कंपनी का इबिट्डा (अर्निंग बिफोर इंटरस्ट, टैक्स, डेप्रीसिएशन एंड

अमोरटाइजेशन) पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 613 करोड़ रुपए से बढ़कर 739 करोड़ रुपए हो गया है। इब्टिडा मार्जिन 8.3 फीसदी से बढ़कर 8.4 फीसदी हो गया है। कंपनी का टैक्स पश्चात मुनाफा (पीएटी) 4.8 फीसदी से बढ़कर 5.5 फीसदी हो गया है। कंपनी के सीईओ व एमडी नविल नोरोन्हा ने कहा है कि जनवरी में शुरुआत बहुत अच्छी हुई लेकिन ओमीक्रॉन वैरिएंट ने गति पर ब्रेक लगा दिया। ये लहरें हाई मार्जिन और गैर-जरुरी सामग्रियों की बिक्री पर सर्वाधिक असर डालती हैं। कंपनी ने कहा है कि 2 साल से पुराने डीमार्ट स्टोर्स ने वित्त वर्ष 22 में 16.7 फीसदी की दर से वृद्धि की है. कंपनी के पास 31 मार्च तक 2 साल से पुराने 214 स्टोर्स थे। एवेन्यू सुपरमार्केट के शेयर शुक्रवार को 1.2 फीसदी की गिरावट के साथ 3230 रुपए के स्तर पर बंद हुए। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयर 20 फीसदी से अधिक टूट चुके हैं। कंपनी अब इन नतीजों के बाद शेयर मार्केट में स्थिति बदलने की उम्मीद कर रही होगी।

आयुष्मान खुराना ने खत्म की फिल्म अनेक की शूटिंग, शेयर किया भावुक नोट

हिट फिल्मों की गारंटी बन चुके अभिनेता आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म अनेक को लेकर चर्चा में हैं। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग आयुष्मान खुराना ने पूरी कर ली है। इसकी जानकारी खुद अभिनेता ने सोशल मीडिया पर सेट से कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए दी। आयुष्मान खुराना ने इंस्टाग्राम पर सेट से चार तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें से एक तस्वीर फिल्म के एक शॉट को शूट करते हुए कैमरे की है, तो वहीं दूसरी तस्वीर में आयुष्मान के साथ फिल्म के निर्देशक अनुभव सिन्हा नजर आ रहे हैं। जबकि तीसरी तस्वीर में आयुष्मान फिल्म की टीम के अन्य सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं, वहीं आखिरी तस्वीर किसी पेपर नोट और पेन की है। इन तस्वीरों को साझा करने के साथ ही आयुष्मान ने एक भावुक कर देने वाला नोट भी लिखा है। आयुष्मान ने लिखा-'ये बहुत ही खास फिल्म अनेक का रैप है और ये आश्चर्य से भरा हुआ है साथ ही ये एक अछूता विषय है। एक बहुत ही महत्वपूर्ण नए युग का सिनेमा है, शूटिंग के आखिरी दिन मैं भावुक क्यों हो जाता हूं? क्योंकि ये किरदार मुझे फिर से कभी नहीं मिलने वाला। साथ ही मैं जोशुआ के किरदार को मिस करूंगा और मुझे नार्थ-ईस्ट की भी बहुत याद आएगी।' आयुष्मान खुराना की घोषणा इसी साल फरवरी में हुई थी और फिल्म की घोषणा के साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी थी। इस फिल्म में आयुष्मान जेशुआ के किरदार में नजर आएंगे । यह फिल्म इसी साल 17 सितम्बर को रिलीज होगी। हालांकि फिल्म के बारे अब तक कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। यह दूसरा मौका है जब आयुष्मान खुराना अनुभव सिन्हा के निर्देशन में काम कर रहे हैं। इससे पहले आयुष्मान खुराना और अनुभव सिन्हा ने साल 2019 में आई फिल्म आर्टिकल 15 में साथ में काम किया था। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट हुई थी।

इंटरनेट पर अपनी हॉटनेस से आग लगाती हुई नजर आई एक्ट्रेस पूर्वी मुंदडा

इंटरनेट पर अपनी हॉटनेस से आग लगाती हुई नजर आई एक्ट्रेस पूर्वी मुंदडा टीवी से लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज तक सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल करते नजर आते हैं। अपने टीवी शोज और फिल्मों से फैंस को एंटरटेन करने के साथ ही वें सोशल नेटवर्किंग साइट्स

द्वारा अपने चाहनेवालों के साथ जुड़े रहते हैं। टीवी से लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज तक सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल करते नजर आते हैं। अपने टीवी शोज और फिल्मों से फैंस को एंटरटेन करने के साथ ही वें सोशल नेटवर्किंग साइट्स द्वारा अपने चाहनेवालों के साथ जुड़े रहते हैं। कई बार एक्ट्रेसेस अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज से भ लोगों को हैरान करती आई हैं। इन दिनों टीवी एक्ट्रेस पूर्वी मुंदडा इंटरनेट पर अपनी हॉटनेस से आग लगाती हुई नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की है जिसमें वो हॉट कपड़ों में अपनी लुभावनी अदाओं से फैंस का दिल जीतती हुई दिखाई दे रही हैं। ब्लैक ट्रेक पेंट्स, जैकेट और ब्रा पहनी हुई पूर्वी फैंस का भरपूर अटेंशन पा रही हैं और अपनी खूबसूरती से लोगों को रिझाती हुई नजर आ रही हैं। पूर्वी टीवी शो निशा और उसके कजिन्स और दिल तो हप्पी है जी जैसे शोज में नजर आ चुकी हैं।

हकलाने और बढ़े हुए वजन के चलते काफी कुछ सहा है : समीरा रेड्डी

अभिनेत्री समीरा रेड्डी इन दिनों भले ही बॉलीवुड की चमक दमक से दूर हो, लेकिन सोशल मीडिया पर वह काफी सक्रिय रहती हैं। हाल ही में समीरा रेड्डी ने सोशल मीडिया पर अपनी एक थ्रोबैक तस्वीर साझा की है और इसके साथ ही उन्होंने खुलासा किया है कि हकलाने और बढ़े हुए वजन के चलते उन्हें काफी कुछ सहना पड़ा है। दरअसल हाल ही में समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर अपनी टीनेज की एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में वह काफी मोटी नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए समीरा ने लिखा-क्योंकि मैंने टीनएज में हकलाने और बढ़े हुए वजन के कारण काफी कुछ सहा है, इसलिए मैं अपने बच्चों को दयालु, सहनशील और हर परिस्थितियों का सामना करने वाला बनाऊंगी। सभी एक जैसे नहीं होते। मुझे जो आहत करने वाले कमेंट्स मिले, उनसे गुजरना बहुत कठिन था। काश कि मैं उस लड़की को बता पाती कि वह परफेक्ट से भी बेहतर है। लेकिन पीछे मुड़कर देखें तो हमने रहने के लिए परफेक्शन और हाईस्टैंडर्ड वाली दुनिया नहीं बनाई है? क्या हम अपने बच्चों को उसी जगह भेज रहे हैं? मेरा मानना है कि हम ज्यादा दिमाग वाली सचेत पीढ़ी हैं।

रियलिटी शो में दूल्हे की तलाश करेगी आर्शी खान!

टीवी शो बिग बॉस 14 में एक्ट्रेस अर्शी खान को अच्छी-खासी पॉपुलेरिटी मिली और अब सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहने लगी है। हाल ही में उन्होंने मुंबई में अपना पहला घर खरीदा है और अब के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। अर्शी खान जल्द ही एक बार फिर छोटे पर्दे पर नजर आने वाली हैं। दरअसल, अर्शी खान का स्वयंवर होने जा रहा है और इसी के चलते वह छोटे पर्दे पर नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राखी सावंत, रतन राजपूत और शहनाज गिल के बाद अब अर्शी खान भी स्वयंवर करने जा रही हैं। इससे पहले राहुल महाजन भी रियेलिटी शो में शादी रचा चुके हैं। उन्होंने राहुल की दुल्हनिया में डिंपी गांगुली संग शादी रचाई थी, लेकिन बाद में दोनों का तलाक हो गया। अब बिग बॉस की ये एक और कंटेस्टेंट होंगी जो रियेलिटी शो में अपने लिए जीवनसाथी की तलाश करेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स ने इसके लिए अर्शी खान से बातचीत भी शुरू कर दी है। अगर इसके लिए अर्शी की तरफ से हां होती है तो जल्द ही नेशनल टेलीविजन पर वह अपने लिए दूल्हे की तलाश करती नजर आ सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ने शो की तैयारी शुरू कर दी है। शहनाज गिल के स्वयंवर के बाद, चैनल किसी ऐसे शख्स को चाहता है जो टीआरपी हिट कर सकता हो। ऐसे में अर्शी खान एक अच्छा नाम हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अर्शी खान के स्वयंवर शो को राहुल महाजन होस्ट कर सकते हैं। हालांकि इसकी भी अभी कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक टीवी शो का नाम आएंगे तेरे साजना (सीजन वन विद अर्शी खान) होगा।

बोट राइड पर सेल्फी लेते दिखे वरुण- नताशा

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन इन दिनों अपनी पत्नी नताशा दलाल के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे है। वह अरुणाचल प्रदेश में अपनी अपकमिंग मूवी की शूटिंग भी कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने बोट राइड करते हुए दोनों की सेल्फी साझा की है, साथ ही ये भी बता दिया है कि वे हनीमून पर नहीं हैं। दोनों की यह फोटो फैंस को खूब पसंद आ रही है। बता दें कि दोनों साथ में अरुणाचल प्रदेश की खूबसूरती का लुत्फ उठा रहे हैं। अरुणाचल की ठंडी वादियों में वरुण और नताशा गर्म कपड़ों में दिखाई दिए। दोनों के चेहरे की रौनक बता रही है कि काम के बीच भी वरुण और नताशा का वक्त अच्छा बीत रहा है। इससे पहले वरुण ने एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वे एक क्यूट बच्चे को गोद में लिए नजर आए। वीडियो को शेयर करते हुए वरुण ने कैप्शन में लिखा, अरुणाचल प्रदेश के बच्चे। थियागी काम्बो इसका नाम है। वरुण धवन वीडियो में उस बच्चे को हवा में ऊपर उठाते और उसकी तरफ देखते नजर आ रहे हैं।

कांग्रेस का परिवारवाद

हाल के पांच राज्यों में बुरी हार के बाद लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस ने परिवारवाद से तौबा करने का फैसला किया है। उदयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर में पार्टी ने फैसला किया है कि अब एक परिवार से केवल एक ही टिकट मिलेगा। जिसे भी टिकट दिया जाए, उसने कम से कम 5 साल पार्टी में काम किया हो। सीधे टिकट नहीं दिया जाए। नए आने वालों नेताओं को टिकट नहीं मिलेगा। यहां तक सब कुछ ठीक था, नेताओं को परिवारवाद को लेकर गंभीर पाठ पढ़ाने वाली कांग्रेस में इस बदलाव की चर्चा भी शुरू हो गई, मगर बात जब गांधी परिवार पर आई तो उसे इस नियम में छूट दी जाएगी। यह फार्मूला उन पर लागू नहीं होगा। यानी पार्टी पर गांधी परिवार का एकाधिकार पहले की तरह बना रहेगा, दूसरे नेताओं को परिवारवाद का पाठ याद करके ही आगे बढ़ना होगा। इस दोतरफा फैसले से पार्टी वह संकेत दे पाने में विफल रही, जिसकी उम्मीद लगाई गई थी। यदि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में बुरी तरह पराजित होने के बाद भी गांधी परिवार विक्टिम कार्ड का सहारा लेकर कांग्रेस को अपने कब्जे में बनाए रखना चाहता है, तो पार्टी के साथ-साथ देश को भी अपनी निजी जागीर समझने की अपनी सामंती मानसिकता के कारण ही। इस मानसिकता का प्रमाण यह है कि चुनाव वाले राज्यों के कांग्रेस अध्यक्षों से तो इस्तीफा देने को कह दिया गया, लेकिन गांधी परिवार अपनी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं-और वह भी तब, जब सारे फैसले उसकी ओर से ही लिए गए। यह देखना दयनीय है कि पार्टी संचालन के तौर-तरीकों से असहमत जी-23 समूह के नेताओं में से कपिल सिब्बल को छोड़कर अन्य किसी ने सोनिया गांधी के नेतृत्व में आस्था जताना बेहतर समझा। देश के 5 राज्यों के चुनाव में आया जनादेश बिल्कुल स्पष्ट है। मतदाता कांग्रेस से पूरी तरह मुंह फेर चुके हैं। किसी ने सोचा भी न था कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी को ऐसे दिन भी देखने पड़ेंगे। यह सिलसिला 2014 में शुरू हुआ जब मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने बहुमत से लोकसभा चुनाव जीता। इतने वर्षों बाद भी खुद को संभाल पाने में कांग्रेस विफल रही। भाजपा कांग्रेस पर परिवारवाद चलाने का आरोप लगाती रही। जी-23 नेताओं ने पहले ही पार्टी नेतृत्व से संकट हल करने को कहा था लेकिन इसे बगावत समझा गया। कांग्रेस हाईकमान यह समझने को तैयार नहीं है कि गांधी-नेहरू के नाम पर वोट मांगने का समय बहुत पीछे छूट गया है। नई पीढ़ी अलग तरीके का दृष्टिकोण रखती है। कांग्रेस को पुन- शक्ति हासिल करनी है तो परिवारवाद को पीछे छोड़कर एकजुटता बढ़ाए। पार्टी संगठन का चुनाव कराए और नए नेतृत्व को उभरने दे। कांग्रेस की हार की एक वजह यह भी है। निचले स्तर पर उत्साह से काम करने वालों की बहुत कमी है। किसी भी पार्टी की हार जीत में यही निचले स्तर के कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती है। पार्टी कार्यकर्ता को उम्मीद है कि वह अच्छा काम करेगा तो उसे आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी को देखकर सोच तो सकता है कि वह भी भाजपा का काम कर एक दिन पीएम बन सकता है। पर कांग्रेस का कार्यकर्ता यह सोच नहीं सकता क्योंकि वह जानता है कि वह कितना भी काम कर लें वह एक पीएम नहीं बन सकता। कांग्रेस में पीएम तो गांधी परिवार का सदस्य ही बन सकता है। भाजपा सत्ता में है, इसलिए वह जानती है कि इसी वजह से उसमें आने वाले दिनों परिवारवाद बढ़ेगा, इससे पहले पार्टी के लिए परिवारवाद गंभीर समस्या हो जाए उसका इलाज पीएम मोदी ने शुरू कर दिया है। जबकि कांग्रेस सहित अन्य दलों में परिवारवाद की बीमारी गंभीर बीमारी बन चुकी है।

बुद्ध पूर्णिमा: भगवान बुद्ध का चिंतन आज भी प्रासंगिक

डॉ अशोक कुमार भार्गव

भगवान बुद्ध भारत की सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है। उनका समग्र जीवन दर्शन मानवीय कल्याण के हितार्थ ज्ञान की खोज के लिए मात्र 29 वर्ष की आयु में परम वैभव के साम्राज्य और सांसारिक सुखों के आकर्षण के परित्याग की पराकाष्ठा है। उनका जन्म 583 ईसा पूर्व नेपाल की तराई में लुंबिनी में हुआ था। इनके बचपन का नाम सिद्धार्थ था। जिसका अर्थ है अभिलाषा का पूर्ण हो जाना क्योंकि उनके जन्म से सभी की अभिलाषाएं पूर्ण हुई इसलिए उनका नाम सिद्धार्थ रखा गया। पिता शाक्य गणराज्य के राजा शुद्धोधन और माता महामाया थीं। इनके जन्म को हिमालय के तपस्वी ऋषि असिता ने अलौकिक असाधारण बताते हुए स्वयं जीवात्मा के दर्शन करते हुए कहा कि यह बालक समस्त मानव जाति के लिए सिद्धार्थ है। यह या तो चक्रवर्ती सम्राट बनेगा या लोक कल्याण के लिए धर्म चक्र प्रवर्तित करेगा जो इससे पहले संसार में कभी नहीं हुआ है। पिता चाहते थे कि सिद्धार्थ वैराग्य धारण नहीं करें सम्राट बने। इसलिए संसार की समस्त सुख सुविधाएं सिद्धार्थ को उपलब्ध कराई। रूपवती राजकुमारी यशोधरा से विवाह किया बाद में एक पुत्र राहुल की प्राप्ति हुई किंतु वे सांसारिक मोह में बंध न सके। एक दिन मार्ग में उन्होंने अति कृशकाय रोगी, वृद्ध पुरुष तथा एक मृतक को देखा तो सारथी छंदक ने बताया कि एक न एक दिन सभी की यही दशा होनी है। एक साधु को भी देखा। यद्यपि त्रिपिटक आदि ग्रंथों में इन घटनाओं का कोई उल्लेख नहीं है। संसार क्षणिक और दुखद है ये जान वे सब कुछ त्याग कर ज्ञान की खोज में निकल पड़े। 6 वर्षों तक घोर तपस्या की किंतु ज्ञान की पिपासा शांत नहीं हुई।

जनश्रुति है कि स्त्रियों के एक गीत को उन्होंने सुना ÷वीणा के तारों को ढीला मत छोड़ो, ढीला छोड़ देने से उनसे सुरीला स्वर ना निकलेगा। तारों को इतना कसो भी मत जिससे वे टूट जाएं।÷ उन्होंने गीत के मर्म को समझा कि किसी भी बात की अति ठीक नहीं। उन्होंने मध्यम मार्ग अपनाया। इसके बाद गया जाकर वट वृक्ष के नीचे इस संकल्प के साथ समाधिस्थ हो गए कि जब तक ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो जाती तब तक वे समाधिस्थ ही रहेंगे। घोर तपस्या के सात दिनों पश्चात उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई। वे तथागत और महात्मा बुद्ध हो गए। सबसे पहले बोधगया में बुद्ध ने अपना उपदेश तपस्सु एवं मल्लिक नामक दो बंजारों को दिया। जनसाधारण में ज्ञान की धर्म के रूप में दीक्षा दी। बुद्ध ने बौद्ध संघों की स्थापना की। लगभग 45 वर्षों तक जनसाधारण की भाषा में वे सतत भ्रमण करते हुए धर्म का प्रचार करते रहे। मगध के शासक बिंबिसार एवं अजातशत्रु, कौशल नरेश प्रसेनजीत, प्रसिद्ध गणिका आम्रपाली और स्वयं बुद्ध के पिता एवं पुत्र ने भी उनके धर्म को स्वीकार किया। स्त्रियों को भी धर्म की दीक्षा दी गई। 80 वर्ष की अवस्था में कुसिनारा में बुद्ध ने महापरिनिर्वाण को प्राप्त किया। यह संयोग ही है कि उनका जन्म, ज्ञान की प्राप्ति और मृत्यु वैशाख पूर्णिमा के दिन ही हुई।

बुद्ध ने अपने धर्म की नैतिक व्याख्या की जो प्राणी मात्र की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। इस धर्म में कर्मकांड, अनुष्ठान, पाखंड और अंधविश्वास नहीं है। उन्होंने जीव और जगत को माना। उनका पहला उपदेश धर्म चक्र प्रवर्तन के नाम से विख्यात है जिसके चार प्रमुख सूत्र ही चार आर्य सत्य हैं। पहला आर्य सत्य है कि इस जगत में दुख है। दूसरा तृष्णा के कारण दुख पैदा होता है। तीसरा दुख के निवारण का उपाय है तृष्णा से बचना और चौथा आदमी के स्वयं के प्रयास से ही दुख निवारण संभव है। बुद्ध दुख निवारण को भगवान या भाग्य के भरोसे नहीं छोड़ते। कोई भी व्यक्ति %दुख निरोध गामिनी प्रतिपदा% के मार्ग का अनुसरण करते हुए दुखों पर नियंत्रण कर सकता है। यह अष्टांगिक मार्ग है सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाणी, सम्यक कर्म, सम्यक आजीव, सम्यक व्यायाम, सम्यक स्मृति और सम्यक समाधि। बुद्ध ने मध्यम मार्ग अपनाते हुए किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार के अतिवादी व्यवहार से बचने का उपदेश दिया क्योंकि जीवन का सार विरोधी अतिवादों के बीच संतुलन की खोज करने में ही निहित है। उनका यह दर्शन आज के भौतिकवादी मूल्यों की चकाचौंध में भी जबकि व्यक्ति की इच्छाओं के अनियंत्रित विस्फोट का दौर रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है तब यह और ज्यादा उपादेय व प्रासंगिक प्रतीत होता है। यदि लालसाओं का अंत हो जाए तो आदमी संत हो जाए।

बुद्ध ने अपने धर्म में अपने लिए कोई स्थान नहीं रखा उन्होंने कभी किसी को मुक्त करने का आश्वासन नहीं दिया। वे कहते रहे कि वे मार्गदाता हैं मोक्ष दाता नहीं। उनका धर्म मनुष्यों के लिए एक मनुष्य द्वारा आविष्कृत धर्म था जो मौलिक और अलौकिक है। उन्होंने कभी नहीं कहा कि वे किसी धर्म की स्थापना कर रहे हैं या वे ईश्वर के पुत्र हैं, अवतार या पैगंबर हैं या उन्हें ज्ञान का इलहाम हुआ है। जो बात बुद्धि संगत है तर्कसंगत है वही बुद्ध वचन है। वे धर्म की असमानता और शोषण पर आधारित भेदभाव परक नीतियों और आचरण को छोड़ने के एवं व्यक्ति स्वातंत्रय और बंधुता के पक्षधर थे। उनकी दृष्टि में धर्म तभी सद्धर्म है जब वह सभी के लिए ज्ञान के द्वार खोल दें। ज्ञान केवल विद्वान बनने के लिए पर्याप्त नहीं है वरन उसके साथ प्रज्ञा, शील, करुणा, प्राणी मात्र के प्रति मैत्री, उदारता और अहिंसा की भावना विश्व की तरह व्यापक होनी चाहिए। यह तभी संभव है जब तमाम सामाजिक भेदभावों की दीवारों को गिरा दें और किसी भी आदमी का मूल्यांकन उसके जन्म से नहीं वरन कर्म से हो। जो धर्म आदमी, आदमी के बीच समानता के भाव की अभिवृद्धि नहीं करता वह धर्म नहीं है क्योंकि आदमी असमान ही जन्म लेते हैं। कुछ मजबूत होते हैं कुछ कमजोर, कुछ अधिक बुद्धिमान होते हैं कुछ कम कुछ एकदम नहीं, कुछ अधिक सामर्थ्यवान होते हैं कुछ कम, कुछ धनी होते हैं तो कुछ गरीब सभी को जीवन संघर्ष में प्रवेश करना पड़ता है और इस जीवन संघर्ष में यदि असमानता को स्वाभाविक स्थिति स्वीकार कर लिया जाए तो जो कमजोर है उसका तो कहीं ठिकाना ही नहीं रहेगा। इसलिए जो धर्म समानता का समर्थक नहीं है वह अपनाने योग्य नहीं है। इस दृष्टि से विश्व के अन्य धर्म प्रवृत्तकों की तुलना में बुद्ध का धर्म अधिक जनतांत्रिक नजर आता है।

बुद्ध ने कहा कि मैं ऐसे किसी सिद्धांत को स्वीकार नहीं कर सकता जिसमें सैकड़ों बातों को यूं ही पहले से ही सही मानकर चलना होता है। उनका दृढ़ विश्वास था कि हर व्यक्ति के भीतर अच्छा इंसान बनने की संभावनाएं होती है बशर्ते उस पर विश्वास कर उसे समुचित अवसर परिस्थितियां प्रदान की जाएं। डाकू अंगुलिमाल का हृदय परिवर्तन बुद्ध ने अपनी निर्मल वाणी से ही किया था। एक दिन बुद्ध धनी व्यक्ति के घर भिक्षा मांगने गए। धनी व्यक्ति ने कहा भीख मांगते हो कामकाज क्यों नहीं करते। खेती बारी ही करो। भगवान बुद्ध ने मुस्कराकर कहा खेती ही करता हूं। दिन-रात करता हूं और अनाज भी उगाता हूं। उस धनी व्यक्ति ने पूछा यदि तुम खेती करते हो तो तुम्हारे पास हल-बैल कहां हैं? अन्न कहां है? बुद्ध ने कहा मैं अंतःकरण में खेती करता हूं। विवेक मेरा हल है और संयम तथा वैराग्य मेरे बैल हैं। मैं प्रेम ज्ञान और अहिंसा के बीज बोता हूं और पश्चाताप के जल से सिंचित करता हूं। सारी उपज मैं विश्व को बांट देता हूं। यही मेरी खेती है। बुद्ध से एक दिन एक दुखी व्यक्ति ने कहा कि मैं खुशी हासिल करना चाहता हूं। इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए।

दूसरे की गलती

एक बार गुरु श्यामानंद ने अपने चार शिष्यों को एक पाठ पढ़ाया। पढ़ाने के बाद वह अपने शिष्यों से बोले, अब तुम चारों इस पाठ का बार-बार अध्ययन कर इसे याद करो। इस बीच यह ध्यान रखना कि तुम में से कोई बोले नहीं। थोड़ी देर बाद मैं तुमसे इस पाठ के बारे में बात करूंगा। यह कहकर श्यामानंद वहां से चले गए। उनके जाने के बाद चारों शिष्य अलग-अलग बैठकर पाठ का अध्ययन करने लगे। अचानक बादल घिर आए और वर्षा की संभावना बन गई। यह देखकर एक शिष्य बोला, लगता है, तेज बारिश होगी। यह सुनकर दूसरे ने कहा, तुहें बोलना नहीं चाहिए था। तभी तीसरा बोला, तुम लोगों ने बोलकर गुरुजी की आज्ञा भंग कर दी है। चौथा शिष्य चुपचाप पाठ पढ़ता रहा। इसी बीच श्यामानंद वहां आ गए। उन्हें देखकर पहला शिष्य बोला,गुरुजी, यह मौन नहीं रहा और बोलने लगा। दूसरा शिष्य बोल पड़ा, %तो तुम कौन सा मौन थे। तुम भी तो बोल पड़े थे। तीसरे ने कहा, इन दोनों ने बोलकर आपकी आज्ञा भंग कर दी है। यह सुनकर दोनों तपाक से बोले, %तुम भी तो बोल ही पड़े थे। मगर चौथा शिष्य अभी भी चुप था। उसे देखकर गुरुजी बोले, तुम में से केवल इसने ही मेरी आज्ञा मानी। यह निश्चय ही आगे चलकर बड़ा और महत्वपूर्ण कार्य करेगा क्योंकि इसके भीतर पर्याप्त धैर्य और एकाग्रता है। यह किसी के बहकावे में नहीं आता न ही किसी क्षणिक हलचल से विचलित होता है। तुम तीनों के भविष्य को लेकर मुझे शंका है क्योंकि तुम तीनों एक दूसरे का दोष निकालने के कारण स्वयं भी गलती कर बैठे। अधिकतर लोग ऐसा ही करते हैं। वे दूसरे को उसकी गलती बताने के चक्कर में स्वयं भी गलती कर बैठते हैं और फिर स्वयं कब गलत मार्ग पर चलने लगते हैं, इसका उन्हें आभास तक नहीं होता।

डेंगू को फैलने न दे, लक्षणों को पहचाने और खुद काबू करें

बी. डेविड

आज के समय में डेंगू काफी गंभीर बीमारियों में से एक है। दुनियाभर में हर साल इस घातक बीमारी से करोड़ो लोगों की जान चली जाती है। बारिश के मौसम के शुरूआती दौर में सबसे ज्यादा डेंगू के मामले सामने आते हैं और इस वक्त में ही सबसे ज्यादा एहतियात रखने की जरूरत पड़ती है। मानसून आने के पहले ही हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे का मकसद लोगों को इस घातक बीमारी के प्रति जागरुक करना है। हर साल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से डेंगू दिवस मनाया जाता है। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, डेंगू संक्रमण दुनिया भर के 100 से अधिक देशों में होने वाली एक आम समस्या है और लगभग 3 बिलियन लोग डेंगू से प्रभावित क्षेत्रों में रहते हैं। इनमें भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य भाग, चीन, अफ्रीका, ताइवान और मैक्सिको शामिल हैं। नेशनल वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम (एनवीबीडीसीपी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 में सिर्फ भारत में डेंगू के 67,000 से भी अधिक मामले दर्ज किए गए थे। इस रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि वर्ष 2017 डेंगू के मामले में भारत के लिए सबसे खराब साल था। 2017 में लगभग 1.88 लाख डेंगू के मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें से 325 लोगों ने इसके कारण अपनी जान गंवा दी थी।

डेंगू एक मच्छर जनित वायरल इंफेक्शन या डिजीज है। डेंगू बुखार को हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह संक्रमण फ्लेविविरिडे परिवार के एक वायरस के सेरोटाइप- डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4 के कारण होता है। हालांकि, ये वायरस 10 दिनों से अधिक समय तक जीवित नहीं रहते हैं। जब डेंगू का संक्रमण गंभीर रूप ले लेता है, तो डेंगू रक्तस्रावी बुखार या डीएचएफ होने का खतरा बढ़ जाता है। इसमें भारी रक्तस्राव, ब्लड प्रेशर में अचानक गिरावट, यहां तक कि पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। डीएचएफ को डेंगू शॉक सिंड्रोम भी कहा जाता है। अधिक गंभीर मामलों में तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती कराने की जरूरत होती है वरना पीड़ित की जान भी जा सकती है। डेंगू का कोई विशिष्ट या खास उपचार उपलब्ध नहीं है। सिर्फ इसके लक्षणों को पहचानकर ही आप इस पर काबू पा सकते हैं। इस बीमारी की गंभीरता को देखते हुए हर सरकार चाहे केन्द्र की हो या राज्य की लगातार विज्ञापनों और अन्य माध्यमों से लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करने का काम करती आ रही है। डेंगू की गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए सरकारी स्तर पर कई कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। डेंगू का लार्वा मुख्य तौर पर जमे हुए साफ पानी में पैदा होता है और इसे पनपने के लिए जुलाई से लेकर अक्टूबर का वक्त काफी मुफीद होता है। यही वजह है कि इस वक्त में काफी सतर्क रहना जरूरी होता है। पहले के मुकाबले लोगों में डेंगू की बीमारी को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है बावजूद इसके अब भी देश के अंदरूनी इलाकों में इस बीमारी के प्रति और जागरूकता फैलाने की जरुरत है। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू की बीमारी होती है।

डेंगू हल्का या गंभीर दोनों हो सकता है। ऐसे में इसके लक्षण भी अलग-अलग नजर आते हैं। खासतौर से बच्चों और किशोरों में माइल्ड डेंगू होने पर कई बार कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं। संक्रमित होने के बाद डेंगू के हल्के लक्षण चार से सात दिनों के अंदर नजर आने लगते हैं। इन लक्षणों में तेज बुखार के साथ सिरदर्द, मांसपेशियों, हड्डियों और जोड़ों में दर्द, उल्टी, जी मिचलाना, आंखों में दर्द होना, त्वचा पर लाल चकत्ते होना और ग्लैंड्स में सूजन होना लक्षण भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, गंभीर मामलों में रक्तस्रावी बुखार या डीएचएफ के होने का खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति में, रक्त वाहिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और रक्त में प्लेटलेट काउंट की कमी होने लगती है। ऐसी स्थिति में गंभीर पेट दर्द, लगातार उल्टी होना, मसूड़ों या नाक से रक्तस्राव, मूत्र, मल या उल्टी में खून आना, त्वचा के नीचे रक्तस्राव होना, जो चोट जैसा नजर आ सकता है, सांस लेने में कठिनाई, थकान महसूस करना और चिड़चिड़ापन या बेचैनी लक्षण नजर आ सकते हैं। डेंगू के जोखिम कारक की बात करें तो इसके कई कारक होते हैं, जो डेंगू से संक्रमित होने के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। यदि आप उन क्षेत्रों में रहते हैं, जहां एडीज मच्छरों का प्रकोप अधिक है, तो आपके डेंगू से संक्रमित होने की संभावना स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है।

राजकुमार सिद्धार्थ कैसे बन गए महात्मा बुद्ध?

योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। दरअसल माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गौत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया।

सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण सन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा, ''यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है?'' सारथी ने बताया, ''यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों

का सामना करना ही पड़ता है।''

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है।

सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे।

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे।

सूडोकु नवताल- 6072

★★★★☆ कठिन

					1	4		
	9					5	8	
			7	9				
			2				6	7
4								3
5	8				9			
				8	5			
	7	6					1	
		9	3					

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6071 का हल

7	8	9	2	3	1	6	5	4
3	2	4	6	5	9	7	8	1
6	5	1	8	4	7	2	9	3
5	1	7	3	9	8	4	6	2
4	6	8	5	1	2	9	3	7
9	3	2	4	7	6	8	1	5
1	4	6	9	2	3	5	7	8
2	9	3	7	8	5	1	4	6
8	7	5	1	6	4	3	2	9

पूर्वोत्तर में स्थायी शांति की पहल जरूरी

हर्षदेव

सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून को हटाने की नगालैंड की मांग के पक्ष में जल्दी ही सकारात्मक फैसला लिया जा सकता है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने इसका स्पष्ट संकेत दिया है। उन्होंने यह भी इशारा किया है कि असम से भी इस कानून को हटाने पर विचार हो रहा है। यदि ऐसा निर्णय लिया जाता है तो यह निश्चय ही पूर्वोत्तर की राजनीति के लिए सही दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव का कदम होगा और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। पूर्वोत्तर की राजनीति में धुरी की भूमिका निभा रहे मुख्यमंत्री सरमा का कहना है कि पूर्वोत्तर में कबीलाई उग्रवाद की राजनीति के दिन लद चुके हैं, उनकी यह बात काफी हद तक सही भी है। जो नई पीढ़ी आज सक्रिय है उसको अपने भविष्य और रोजगार के अवसरों की तलाश है। वह सात दशक से ज्यादा समय से चली आ रही कबीलाई राजनीति के संकुचित दायरों से बाहर निकलने को लालायित है। वह अपने भविष्य की ओर बढ़ना चाहती है। यह आने वाले समय की क्षेत्रीय सियासत के लिहाज से सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ रहा बहुत अहम घटनाक्रम है।

सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून को हटाने की मांग करने वालों में नगालैंड के अलावा मेघालय, मणिपुर और असम भी शामिल हैं। नगालैंड को इस बात से भी खासी नाराजगी है कि विवादों के बीच केंद्र सरकार ने इस कानून की अवधि छह महीने और बढ़ा दी है। विगत 4 दिसंबर को राज्य के मोन जिले में सुरक्षाबलों की गोलीबारी में 13 निर्दोष नागरिकों की दुखद मृत्यु की घटना के बाद इस कानून को हटाने की मांग उठाई गई थी, जिसको बाद में विधानसभा ने भी पारित कर दिया। केंद्र सरकार इस बीच यह कानून हटाने की संभावनाओं पर विचार करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन भी कर चुकी है। यूपीए सरकार में गृहमंत्री रहे पी. चिदंबरम ने मौजूदा विवाद के बीच खुलासा किया है कि इस कानून को खत्म करने की सिफारिश साल 2005 में जस्टिस जीवन रेड्डी की कमेटी कर चुकी है। बाद में गठित आयोगों और अन्य कमेटियों ने भी यही राय दी थी।

सुरक्षा बलों को विशेष शक्ति देने वाला 1958 में लागू यह विशेष कानून समूचे पूर्वोत्तर राज्यों की जनता के विरोध का कारण रहा है। इस कानून का इस्तेमाल सुरक्षा बल और पुलिस एक हथियार की तरह करते रहे हैं। इसी वजह से नगालैंड विधानसभा ने पिछले दिनों सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर इस कानून को वापस लेने पर सहमति जताई थी। राज्य के अनेक नागरिक और धार्मिक संगठन भी बरसों से ऐसी ही मांग कर रहे हैं।

रंगदारी करने वाला इनामी आदतन बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

मुरैना। लंबे समय से स्टेशन रोड थाना क्षेत्र इलाके में आतंक पहलाकर रंगदारी करने वाले आदतन अपराधी एवं 10 हजार रुपए के इनामी कान्हा पंडित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से हथियार बरामद कर उसका जुलूस निकाला, हालांकि पुलिस का कहना है कि गाड़ी खराब हो जाने के चलते उसे पैदल ले जाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि स्टेशन रोड थाना क्षेत्र इलाके में पिछले 5 -6 वर्ष से रंगदारी कर आम जनता के जीवन के लिए खतरा बने आदतन अपराधी कान्हा पंडित पुत्र भगवती प्रसाद शर्मा 27 वर्ष निवासी कान्हा वाली गली मवासी पुरा रामनगर को एक 315 बोर कट्टा तथा राउंड के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित था। गौरतलब है कि उक्त इनामी बदमाश द्वारा वर्ष 2016 में एक मामले में राजीनामा को लेकर कमल किशोर उपाध्याय पर कट्टे से फायर किए गए थे, वही नरेश सिंह तोमर निवासी रामनगर पर भी आरोपी द्वारा जान से मारने की नीयत से हमला किया गया। इसी प्रकार हरिनारायण सिंह तोमर निवासी इंदिरा सरोवर पर राजीनामा नहीं करने पर रंगदारी दिखाते हुए कट्टे से फायर किए। 2017 में उक्त बदमाश द्वारा अनुसूचित जाति के रामशंकर माहौर पर साथियों के साथ मारपीट कर गाली गलौज की गई और धमकी दी गई। इस बीच पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी किया। जेल से छूटने के बाद कान्हा पंडित द्वारा नंददास और नंदा शर्मा के ऊपर कट्टे से फायर कर हमला किया गया। वर्ष 2018 मैं पुलिस ने इसे पुनः गिरफ्तार किया। 31 मार्च 2019 को आरोपी द्वारा अपने साथियों के साथ विजय बहादुर सिंह यादव निवासी रामनगर के ऊपर जानलेवा हमला किया गया। 10 जून 2020 को जैन बगीची में आरोपी द्वारा रंगदारी दिखाते हुए प्रशांत शर्मा निवासी सुभाष नगर मुरैना की मारपीट की गई, जिसके सभी प्रकरण थाने में दर्ज हैं। यही नहीं व्यवसाई भूरी दंडोतिया को भी आरोपी ने गाली गलौज कर बच्चे को उठा ले जाने एवं जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद से पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। हाल ही में पुलिस द्वारा अपराधियों को पकड़ने हेतु कराई जा रही मुनादी के चलते एक व्यक्ति द्वारा कान्हा पंडित के संबंध में सूचना दी गई। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को इमलिया चौराहे पर भेजा, जहां कान्हा पंडित वारदात की नियत से घूम रहा था और पुलिस ने उसे दबोच लिया। उक्त आरोपी द्वारा हाल ही में 6 मई को देशी शराब कलारी नंबर दो बड़ोखर पर काम करने वाले गिर्राज पुत्र शरद चंद्र शर्मा निवासी गोपीनाथ की पुलिया रात्रि 9 बजे दुकान पर था, तभी कान्हा पंडित आया और अवैध शराब के कारोबार में शामिल होने के ऊपर से गालियां देते हुए मारपीट की और गोली चलाकर दहशत फैला दी, जिसका मामला भी स्टेशन रोड थाना में दर्ज है। पुलिस द्वारा रविवार की दोपहर आरोपी का जुलूस निकाला गया, लेकिन इस मामले में पुलिस का कहना है कि गाड़ी खराब हो जाने के चलते उसे पैदल ले गए।

मंजू सिकरवार बनी प्रदेश अध्यक्ष, महिलाओं में हर्ष

मुरैना। अ.भा. जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतू दीवान (लीडर) ने मुरैना की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती मंजू सिकरवार को महिला प्रकोष्ठ में प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। वहीं श्रीमती सिकरवार के जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ समिति के प्रति लगन और निष्ठा को देखते हुए उन्हें समिति ने महिला प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है तथा समिति की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और बल एवं गतिशीलता प्रदान करेंगी, अपने मनोनयन पर श्रीमती मंजू सिकरवार में वरिष्ठ नेतत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है। उस जिम्मेदारी को मैं जन-जन तक पहुंचाऊंगी। वहीं श्रीमती सिकरवार के महिला प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर जिले की कई महिलाओं में हर्ष है।

दो दिवसीय जिला स्तरीय वृहद स्वास्थ्य मेला 16 एवं 17 मई को

मुरैना। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दो दिवसीय जिल्ला स्तरीय वृहद स्वास्थ्य मेल्ला 16 एवं 17 मई को जिल्ला चिकित्सालय्य मुरैना के नवीन भवन में आयोजित किया जायेगा। जिल्ला स्तरीय वृहद स्वास्थ्य मेल्ला में मुरैना एवं ग्वालियर जिले के विभिन्न विधाओं के चिकित्सा विशेषज्ञों की सेवायें प्रदान की जायेगी। निःशुल्क स्वास्थ्य मेल्ला का शुभारंभ केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद नरेन्द्र सिंह तोमर के कर कमलें द्वारा किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत रस्तोगी, राम रावत, दुष्यंत देव, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विपिन गर्ग, विकास सिंघल, न्यूरोलेजिस्ट विशेषज्ञ डॉ अनुग्रह दुबे, जितेन्द्र कंजोल्या, गौरव गोयल, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अमित अग्रवाल, चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ योगेश कसेडिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रिया गौर, मेघा ओमर, ईशा जैन, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रूस्तम सिंह, गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ अंकित गुप्ता, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ योगेश शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील शर्मा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ रामवीर शर्मा और होम्योपेथी चिकित्सा अधिकारी डॉ केबी नागर मरीजों का उपचार करेंगे। सीएमएचओ डॉ शर्मा ने जिले की जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य मेले का लाभ उठायें।

विश्व परिवार दिवस पर आचार्य आनंद टीम की पहल

मंगल प्रार्थना और हवन के साथ आदर्श परिवारों की मुखिया डेढ़ दर्जन महिलाओं का किया सम्मान

अम्बाह। आनंद विभाग राज्य आनंद संस्थान की पहल पर आचार्य आनंद टीम द्वारा आज अंतर्राष्ट्रीय विश्व परिवार दिवस के उपलक्ष में अभिनव पहल करते हुए परिवारों के कल्याण की कामना हेतु प्रार्थना और हवन का आयोजन ब्राइट कैरियर एकेडमी में किया और ईश्वर से वसुदेव कुटुंबकम की भावना को विस्तार देने एवं सबके विघ्न हरने की मंगल प्रार्थना करते हुए आहुति दी गईं। इस अवसर पर परिवार में आपसी सौहार्द समन्वय और सामूहिकता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाने वाली डेढ़ दर्जन से अधिक परिवारों की मुखिया महिलाओं को साड़ी और मां शारदे की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक आचार्य आनंद क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ सुधीर आचार्य ने कहा कि जहां भाषा और व्यवहार में प्रेम होता है, वहीं परिवार होता है। विभिन्न अप्रिय स्थिति और परिस्थिति के मध्य जब कोई साथ नहीं देता, तब परिवार और परिजन ही संबल देते हैं व संभालते हैं और आगे बढ़ने को शक्ति प्रदान करते हैं। बिना परिवार के जीवन मुश्किलों से भरा हो जाता है। परिवार और रिश्तों को समृद्ध करने के लिए 1994 से परिवार दिवस मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई, जो निरंतर जारी है। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने अपने पारिवारिक संघर्ष और सामूहिक पारिवारिकता के महत्व को आपबीती में सुनाया। सूत्रधार के रूप में डॉ प्रगति शर्मा और सहयोगी रूप में श्रीमती नेहा शमा, श्रीमती मीना मावई, श्रीमती नंदनी तोमर, श्रीमती माया शर्मा, श्रीमती प्रीति शर्मा की अहम भूमिका रही। संचालन जिला संपर्क समन्वयक बालकृष्ण शर्मा ने एवं आभार श्रीमती मीना अग्रवाल ने जताया।

घुरघान में बृक्षारोपण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मुरैना। समाजसेवी एवं शिक्षक संदीप शर्मा पिछले कई वर्षों से जिले भर के गांव में लोगों को पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए जागृत कर रहे हैं तथा सैकड़ों गांवों में अब तक वह हजारों की संख्या में पौधे लगा चुके हैं, जिनमें सैकड़ों वृक्ष का रूप धारण कर चुके हैं। श्री शर्मा का प्रकृति के प्रति लगाव देखते ही बनता है। रविवार को श्री शर्मा अपनी टीम के साथ ग्राम घुरघान पहुंचे और वहां ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार के पौधे वितरित करते हुए अनेक जगह वृक्षारोपण कराया तथा ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर पौधों का महत्व बताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी को संकल्प दिलवाया कि वह लगाए गए पौधों की देखभाल व सुरक्षा करेंगे, जिससे सभी को ऑक्सीजन प्राप्त हो सके।



प्रदेश के मुखिया करेंगे 50 करोड़ से अधिक राशि के निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

-वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ेंगे शिवराज सिंह चौहान

मुरैना। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नगर निगम मुरैना सीमा क्षेत्र के भूमिपूजन व लोकार्पण हितग्राहियों का हितलाभ वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ेंगे। कार्यक्रम का आयोजन 17 मई को भोपाल से आयोजित होगा। नगर निगम मुरैना द्वारा यह कार्यक्रम जीवाजी गंज स्थित टाउन हॉल में आयोजित किया जायेगा। सीएम नगर निगम मुरैना क्षेत्र के 17 लोकार्पण राशि 30 करोड व 2 भूमि पूजन 23 करोड़ एवं 50 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों का वर्चुअल भूमि पूजन और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को गति देने तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में विकास कार्यों की भूमि पूजन लोकार्पण हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन 17 मई को शाम 4 बजे से जीवाजी गंज स्थित टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का उद्बोधन शाम 4 बजे से आयोजित होगा। नगर निगम आयुक्त संजीव जैन ने इस संबंध में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम के आयोजन हेतु विशेष निर्देश दिए। संजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर निगम मुरैना द्वारा अब तक कुल 1765 हितग्राहियों को राशि 37 करोड 53 लाख की राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। कार्यक्रम में 53 हितग्रहियो को प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त का राशि 45 लाख का वितरण किया जाएगा। इस दौरान 92 हितग्राहियों के आवास का भूमि पूजन व 52 हितग्राहियों का ग्रह प्रवेश कराया जायेगा।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये पेरेंट्स को रखना होगा ध्यान: अमित जैन

रोटरी क्लब चम्बल ने आयोजित किया द पैरेंटिंग सेमिनार

मुरैना। रोटरी क्लब चम्बल एवं टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में 15 मई रविवार को सुबह 9 बजे टीएसएस स्कूल के ऑडिटोरियम में पैरेंट्स के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एक्सपर्ट मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में अमित जैन एवं ग्वालियर से पधारे रोट्रक्टर कौशल साहू ने कपल पैरेंट्स को बच्चों के शारिरिक एवं मानसिक विकास, पढाई पर ध्यान देने एवं मोबाइल एवं टीवी से बच्चों को दूर करने के टिप्स दिए। सेमिनार के दौरान सर्वप्रथम टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल के चैयरमैन सुरेंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, रोटरी क्लब चम्बल अध्यक्ष आनंद गुप्ता, सचिव आकाश चांदिल एवं आगामी अध्यक्ष राम कुमार बंसल ने सरस्वती मां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्वलित कर सेमिनार प्रारंभ किया। सेमिनार में स्वागत भाषण सुरेंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने दिया। सेमिनार के प्रथम सेशन में अमित जैन ने पैरेंट्स को बच्चो की हर छोटी-छोटी इच्छाओं को जानने एवं समझने के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि हमे पूरे दिन के 24 घंटो में से कम से कम 24 मिनिट बच्चों के साथ समय व्यतीत करना चाहिए। बच्चों के स्वास्थ्य के लिए शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही विकास जरूरी ह। पढाई के साथ साथ खेल कूंद, साइकिलिंग, स्वीमिंग आदि गतिविधि भी बच्चों के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि अगर हमें बच्चों को अनुशासन में रहना सिखाना है तो पहले पैरेंट्स को अनुशासन में रहना होगा। हमें बच्चों का हर टाइम का शेड्यूल बनाना होगा, मोबाइल का उपयोग पहले पैरेंट्स को कम करना होगा, तभी हम बच्चों को सुधार सकेंग। इसी प्रकार बहुत से विषयों पर एक्सपर्ट ने पैरेंट्स को टिप्स दिए, इस सेशन के बाद ओपन प्रश्न मंच हुआ, जिसमें पैरेंट्स ने अपने बच्चों से जुड़ी हुई समस्याओं को एक्सपर्ट से सांझा किया और उनके निदान जानें। आयोजित सेमिनार में लगभग 35 परिवार शामिल हुए। रोटरी क्लब चम्बल के अध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कार्यक्रम उपरांत सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन रोटरी क्लब चम्बल भविष्य में भी आयोजित करता रहेगा, जिसे समाज एवं बच्चो का विकास शामिल हो।

स्काउट गाइड ने किया शीत जल प्याऊ का शुभारंभ

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

भिण्ड। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ भिंड द्वारा शीट जल सेवा प्याऊ का रेलवे स्टेशन भिंड पर शुभारंभ किया गया, शीत जलसेवा प्याऊ के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्रीमती आकांक्षा जैन ऐ.एस.एफ. 17 वी बटालियन भिंड, उपस्थित रहीं, साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला स्काउट कमिश्नर श्री हरि भुवन सिंह तोमर, ने की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधकश्री वाइ.के. गुप्ता रेलवे स्टेशन भिंड, श्री अजय कुमार , टीआई रेलवे स्टेशन थाना प्रभारी भिण्ड, श्री एम के तायल डीडीओ विकास खंड भिण्ड, श्री राधे गोपाल यादव समाज सेवी एवं संचालक किशोरी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल भिंड, श्री रामजी लाल यादव, जी.आर.पी. चौकी प्रभारी रेलवे स्टेशन भिण्ड, प्याऊ के शुभारंभ कार्यक्रम का संचालन डी ओ सी स्काउट श्री अतिबल सिंह द्वारा किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों को स्काउटिंग की परंपरा अनुसार स्कार्फ पहनाकर प्याऊ संचालक मंडल ने स्वागत किया, मुख्य अतिथि श्रीमती जैन ने स्काउट गाइड को उत्साहित करते हुए प्याऊ को सबसे बड़ी सेवा कहा, उन्होंने कहा जब किसी को प्यास लगती है तो उसकी आत्मा तड़पने लगती है और उसको शीतल जल पीने को मिल जाए तो उसकी आत्मा शीतल जल से तृप्त हो जाती है, स्काउट एवं गाइड ऐसी गर्मी में शीत जलसेवा प्याऊ का काम कर रहे हैं जो बहुत ही कठिन कार्य है क्योंकि आज और कल का तापमान 48 से 49 डिग्री हो रहा है कूलर और पंखों ने काम करना बंद कर दिया है ऐसी स्थिति में इन बच्चों के द्वारा प्याऊ का संचालन करना वाकई में बहादुरी वह साहस से भरा प्रशंसनीय कार्य है, इसी प्रकार सभी पदाधिकारियों ने स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं का उत्साह बढ़ाया और प्याऊ में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया । अंत में डी.ई.ओ.श्री तोमर द्वारा अतिथियों का आभार वर्धन करते हुए छोटे-छोटे बच्चों को ढेर सारा प्यार और शुभकामनाएं दी, शीत जल प्याऊ संचालक मंडल में , श्री भारत सिंह कुशवाह, श्री अमर सिंह दंडोतिया, श्री किशन लाल आरपीएफ, श्री पीपी शर्मा आरपीएफ,श्री राम औतार ओझा, श्री सत्येंद्र सिंह भदौरिया, श्री महेश कुमार कनेरिया, श्रीमती रेखा भदोरिया, श्री निखिल तरसोलिया, राज राजावत, सत्येंद्र तरसोलिया, तनुष्का जैन, पलक तोमर, आदि स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

परशुराम जयंती के चलते पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

मोनू बाथम

गोहद-थाना प्रभारी राजेश सातनकर द्वारा परशुराम जयंती की रथ यात्रा की तैयारियों के चलते थाना परिसर से नया बस स्टैंड इटायली गेट ,सदर बाजार ,पुराना बस स्टैंड ,भानु घटिया ,सती बाजार ,गंज बाजार होते हुए अटल चौक गोलंबर तिराहा तक फ्लैग मार्च निकाला जिस मार्ग से रथ यात्रा निकाली जानी है उन सभी रास्तों पर फ्लैग मार्च करते हुए थाना प्रभारी राजेश सातनकर ने अपने मय फोर्स के साथ फ्लैग मार्च के माध्यम से सभी लोगों को सचेत किया फ्लैग मार्च के दौरान उप निरीक्षक व्ही,के गुप्ता, उप निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदोरिया सहायक उपनिरीक्षक एस डी मिश्रा एम एल डोंगर सहित सभी आरक्षक शामिल थे।

दतिया!ग्राम पंचायत उपरॉय में स्वच्छ भारत मिशन

दैनिक पुष्पांजलि टुडे

ग्रामीण अंतर्गत 60 दिवसीय स्वच्छता अभियान के तहत प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने के लिए गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों के साथ स्वच्छता शपथ , स्वच्छता चौपाल एवं श्रमदान गतिविधि का आयोजन किया गया एवं ग्राम में पड़ी हुई सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित किया गया एवं घर घर जाकर सभी को जागरूक किया गया, साथ ही ग्राम की दो बच्चियों कु.नेहा एवं क.निकीता द्वारा एक छोटे से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम के संबंध में संदेश दिया दिलाया गया। यह अभियान कोओडीएफ प्लस ग्राम के साथ-साथ सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने के लिए निरंतर चलाया जाएगा। उक्त अभियान में जनपद पंचायत दतिया से ब्लॉक समन्वयक श्री मती कविता रावत एवं साथ ग्राम के सहायक सचिव रविन्द्र पाल,स्वछग्रही अमित दांगी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समूह की महिलाएं ग्रामीण जन ने सहभागिता की।

सातमां दिवस की कथा में भक्तों का बोडेंपुर नेविलगंज

राजेश कुमार रिपोर्टर

कन्नौज । कथा स्थल ग्राम वोडेपुर नेविल गंज अछल्दा जनपद औरैया उत्तर प्रदेश श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त क्षेत्रवासी

श्रीमद् भागवत कथा सुनने को जा रहे हैं जिसने जिसमें भक्तों का काफी उत्सा देखा जा रहा है पंडाल ने जाकर सुदामा चरित्र लीला हो रही है नाचते गाते 15 5 2022 देखा सरस कथावाचक परम पूजनीय श्री मुनेंद्र द्विवेदी जी महाराज (प्रेमी) अंतरराष्ट्रीय कथाकार एवं समाज सुधारक स्थान मेहंदी घाट आश्रम कन्नौज उत्तर प्रदेश परीक्षित श्रीमती सुशीला देवी एवं श्री बलदेव प्रसाद आयोजक बलदेव प्रसाद प्रजापति श्री झब्बू लाल जयवीर नरेंद्र राजीव लाल सिंह योगेंद्र हरिगोविंद अवनीश आलोक योगेश अतुल रवि आयुष कृष्णा अगम प्रीत किशन व्यवस्थापक समस्त ग्रामवासी पा क्षेत्रवासी।

बरासों थाना प्रभारी अनिल गुर्जर का विदाई समारोह सम्पन्न।

नवागत प्रभारी चौहान ने संभाली कमान।

उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। जिले के बरासों थाना में थाना निरीक्षक के पद पर पदस्थ उप निरीक्षक अनिल गुर्जर का विदाई समारोह सम्पन्न।यहां बता दें कि बीते रोज निरीक्षक व उपनिरीक्षकों की तबादला सूची जारी हुई थी जिसमे कई निरीक्षक व उप निरीक्षको के तबादले किये गए थे जिसके चलते थाना प्रभारी बरासो अनिल गुर्जर का भी तबादला किया गया और उन्हें दबोह थाने में बतौर उपनिरीक्षक की कमान सौंपी गई।जिसके चलते थाना बरासों में नवनियुक्त थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शिवप्रताप सिंह ने पदभार ग्रहण किया और इस दौरान अनिल गुर्जर का विदाई समारोह सम्पन्न

हुआ।इस दौरान नवागत प्रभारी चौहान भी मौजूद रहे।ज्ञात रहे कि उपनिरीक्षक अनिल गुर्जर इससे पहले दबोह के पास आलमपुर थाने में भी बतौर थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ रहे हैं और इसके अलावा वह भिण्ड जिले के कई थानो में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।फिलहाल तो अब जल्द ही अनिल गुर्जर दबोह थाने में आकर उपनिरीक्षक का पदभार संभालेंगे। इस अवसर पर थाने के समस्त स्टाफ ने फूलमाला पहनाकर अनिल गुर्जर की विदाई की।

अंबाह मैं अघोषित बिजली कटौती से, किसानों को मूंग की फसल के लिए नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली, कई गांवों में भी परेशानी

गणेश शंकर राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

थरा /अंबाह । जहां बिजली कटौती पूरे प्रदेश में एक बड़ी समस्या बना हुआ है। जिसकी एक समस्या कोयला को बता कर बिजली वितरण कंपनियों ने अपना पक्ष तो रख दिया और पल्ला झाड़ दिया। लेकिन उनकी विधुत वितरण व्यवस्था में लगने वाले उपकरणों आदि पर गौर नहीं किया जा रहा है जैसे थरा विधुत उपकेन्द्र से संबंधित लगभग पंपों और आबादी को लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों को विधुत प्रदाय की जाती है। जिससे अत्यधिक भार, और उपकरण प्रर्याप्त न होने का खामियाजा किसान बंधु और आम लोगों को भुगतना पड़ता है। बिजली उप केन्द्र पर एक ही पी टी आर पर थरा आबादी, जलका नगरा आबादी और पंप ,जालौनी पंप का लोड होने से लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। अब इसमें अगर किसानों को पंप लाइन चालू करनी है तो या तो थरा आबादी से संबंधित गांव की

लाइन कट करनी होगी या जलका नगरा से संबंधित गांवों की व्यवस्था में कटौती करनी पडती है जिससे इस भीषण गर्मी में लोगों तपना पड़ता है। ऊर्जा मंत्री के गृह तहसील, गांव में जब उचित संसाधनों का अभाव है तो प्रदेश में क्या स्थिति होगी अंदाजा लगाया जा सकता है। हमने इस विषय पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया है विक्रांत धुवे,जे ई थरा , अत्यधिक भार होने से बिजली कटौती हो रही है। ?और थरा में लोड अत्यधिक होने से माता के पुरा का प्रपोजल शासन को भेजा है। फाइल पेंडिंग और अप्रुबल होने से थरा फीडर पर भार से निजात मिल जाएगी। रबी कांत प्रजापति ए ई अंबाह। माता के पुरा पर उपकेन्द्र प्रस्तावित है और शासन स्तर पर फाइल अप्रुबल होने मैं समय लगेगा। नए टी पी आर की मांग पत्र संबंधित जानकारी नहीं है। और संबंधित ए ई को बोल कर हाली उचित प्रबंध किए जाएंगे। अभय चोपड़ा, उपमहाप्रबंधक अंबाह।

92.3 प्रतिशत के साथ तानिया ताम्रकार ने कक्षा 12वीं में गरियाबंद जिले में किया टॉप जिससे ग्रामीण वासियों के चेहरे पर आएगी मुस्कान

अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ

छत्तीसगढ़। गरियाबंद – छत्तीसगढ़ में 12वीं बोर्ड के नतीजे घोषित हो चुके हैं. तानिया ताम्रकार ने 92.3 प्रतिशत के साथ गरियाबंद जिले में टॉप किया है. खास बात यह है कि तानिया के

परिजनों ने कभी पढ़ाई का दबाव नहीं बनाया. तानिया के पिता कृष्ण कुमार ताम्रकार (शिक्षक) माता गंगा ताम्रकार हैं. तानिया का पूरा परिवार गरियाबंद के अमलोपदर में रहता है. तानिया ने क्क्ष्क्ष्स्स संवाद से चर्चा में कहा कि उन्होंने सोचा नहीं था कि वो टॉप करेंगी. परिजनों ने कभी पढ़ाई के लिए दबाव नहीं बनाया. स्मार्ट फोन के इस्तेमाल पर भी कभी कुछ नहीं कहा. हेलिकॉप्टर राइट्स पर तानिया ने कहाँ- मुझे बहुत खुशी होगी,,,हेलीकॉप्टर में पहली बार बैठने को मिलेगी। प्रेस वार्तालाप पर ऋक्षष्ट न्यूज संवाददाता को बताया कि वे फिलहाल जगदलपुर में है और रिजल्ट से बेहद खुश है बायो से पढ़ाई करने वाली तानिया फिलहाल ह्रश्वश्वस्र की तैयारी कर रही है और जगदलपुर में इसकी कोचिंग ले रही है ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से अपनी तैयारी की है। उसने कभी समय पर ध्यान नही दिया। जब भी समय मिला तब पढ़ाई की जिले के ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी पढ़ाई की सुविधाएं इतनी अच्छी नही है उनका स्कूल भी इससे अछूता नही है। जब इरादे मजबूत हो तो सफलता मिलना सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि उन्हें मैरिट की उम्मीद तो नही थी लेकिन इतना विश्वास था कि रिजल्ट अच्छा आएगा। उन्होंने दूसरे छात्र-छात्राओं को भी मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी है।

योगी योगा क्लासेस द्वारा योग ध्यान का हुआ आयोजन

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर-ग्वालियर में योगी योगा क्लासेस द्वारा योग ध्यान का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य अथिति डॉ भरत ठाकुर(फाउंडर-आर्टिस्टिक योगा)ने सभी को योग प्राणायाम का अभ्यास कराया

पूरक,रेचक कुम्भक का अभ्याश और वारिकियो को समझते हुए पंच कोस को बखूबी जीवन के साथ जोड़ा।ध्यान हमारे ऊर्जा को कैसे बढ़ता ये जिससे हम अपने जीवन में रोगों के साथ साथ अपने मेंटल हेल्थ को अच्छा रख सकते है।आसनों के अभ्यास में सूर्य नमस्कार,वीरभद्र आसन,भुजंगासन,शलभासन,ऊस्टरआसन के क्रम में ओम का जाप कराया प्रार्थना के साथ सभी के जीवन में योग से निरोगता रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रागकुमार सिंह कुशवाह(राज्य मंत्री उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य बीज एव फार्म विकास निगम)ने की और साथ जी माननीय ने अपने जीवन में योग से हुए बदलाव को सभी के रूबरू कराया और जीवन में योग ने निरोगी रहने का सभी को संकल्प दिलाया।कार्यक्रम में डॉ योगेंद्र सिंह कुशवाह संचालक योगी योगा क्लासेस ने सभी अथती को रुद्राक्ष की माला पहनाकर स्वागत किया।संचालन श्री राहुल कुशवाह ने किया।कार्यक्रम में श्री अमित तोमर,डॉ लक्ष्मीकांत,अल्का राहोरा,योगी योगा क्लासेस की टीम के साथ योग ध्यान प्रेमी उपस्थित रहे।

आनंद विभाग के द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । विश्व परिवार दिवस 15 मई को आनंद विभाग हैप्पीनेस अल्पविराम से जुड़े परिवारों के बीच आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आनंद विभाग के नोडल अधिकारी आर ए प्रजापति संयुक्त कलेक्टर भिंड रहे एवं जिला समन्वयक आनंद विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला खेल प्रशिक्षक संजय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे इस मौके पर आर ए प्रजापति संयुक्त कलेक्टर ने कहा कि आज की जनरेशन में हम सभी लोग परिवार से दूर होते चले जा रहे हैं हम सभी को एक परिवार में समूह के रूप

में रहना चाहिए और हम से बड़ों का आदर सम्मान करना चाहिए और छोटों को स्नेह और प्यार करना चाहिए तभी हमें आनंद की अनुभूति होगी और हम सभी लोग आनंदित रह सकेंगे

जिला समन्वयक संजय सिंह ने कहा कि आनंद कोई विषय नहीं है आनंद को आनंद में जीने के लिए हमें हमेशा खुश रहना सीखना पड़ेगा और तभी हम परिवार को और सभी सदस्यों को खुश रह सकेंगे इस अवसर पर खुंशबू प्रजापति पुत्री रघुराज प्रजापति के द्वारा परिवार के सदस्यों के बीच डांस कर सभी परिवार के सदस्यों को आनंद में रहने के लिए प्रेरणा दी इस अवसर पर खुशबू प्रजापति को और उनके परिवार के सभी सदस्यों को नोडल अधिकारी के द्वारा शील्ड देकर उनका हौसला अफजाई किया इस अवसर पर निम्न लोग उपस्थित रहे धनीराम यादव जी वार्ड पार्षद अंतराम प्रजापति, सूबेदार मेजर, रामदास प्रजापति, रघुराज सिंह, अशोक, सिंह कलम सिंह, मनोज सिंह ,पिंटू ,कमलेश ,अनिल कुमार, गोलू प्रजापति, जगन्नाथ , दाताराम , राम गोपाल , श्रीकृष्ण, महेंद्र , भोले ,रामदेव ,आदि लोग उपस्थित रहे

नवागत थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा ने किया दबोह थाने का पदभार ग्रहण

क्षेत्र में पनप रहे अपराध पर लगेगा अंकुश-राजकुमार शर्मा

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह- बीते रोज निरीक्षकों की तबादला सूची जारी हुई थी जिसमे निरीक्षक प्रमोद साहू का तबादला कर दबोह थाने की कमान

राजकुमार शर्मा को सौंपी गई।नवागत थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा ने चार्ज लेने के बाद उन्होंने दबोह थाना स्टाफ से परिचय किया तदोपरांत पेंडिंग अपराधों पर गहन चर्चा की।विदित रहे कि नगाबत थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा को तेजतर्रार थाना प्रभारी के रूप में जाने जाते है,थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा हमेशा अवैध हथियार व अपराधियों को पकड़ने के लिए चर्चित रहे हैं।यहां बताना मुनासिब होगा कि थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा इससे पहले भिण्ड जिले के थाना कोतवाली,थाना देहात,थाना मौ,थाना लहार व अजाक में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और अब भिण्ड जिले के दबोह नगर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।उन्होने मीडिया से बातचीत में बताया कि क्षेत्र में पनप रहे अपराध व अवैध कारोबारो पर जल्द अंकुश लगाया जाएगा।

वर्ल्ड क्लास रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर शराब पीने वाले युवक-युवतियो पर टूट पडी पुलिस

भोपाल। शहर के हबीबगंज थाना इलाके मे स्थित वर्ल्ड क्लास रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर शनिवार रात उस समय अफरातफरी मच गई, जब यहाँ आये दिन शराब पीने की शिकायते मिलने से पुलिस ने बीती रात बडी कार्यवाही को अंजाम दिया। इस दौरान मौके से पुलिस ने लड़के-लड़कियां को नशा करते हुए हिरासत मे लिया। अधिकतर लोग प्लेटफार्म नंबर-1 और 5 नंबर की पार्किंग मे आराम से शराब पी रहे थे। बडी संख्या मे पहुचीं पुलिस टीम ने जब घेराबंदी कर जैसै ही कार्यवाही शुरु की वहाँ शराब पी रहे लोगो मे हडंकप मच गया ओर कई लड़के-लड़कियां मौके से अपनी गाडिया छोड कर भाग गए। इस दौरान पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को शराब पीते पकड़ा है। हैरानी वाली बात यह है कि पकडे गये लोगो मे पति-पत्नी भी शामिल हैं, इस दौरान महिला ने नशे की हालत में महिला पुलिसकर्मी से दुर्व्यवहार भी किया। पुलिस अधिकारियो ने बताया कि शराब पी रहे लोगो के खिलाफ आबकारी एक्ट सहित अन्य धाराओं में 7 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। वही कई लोग कार्यावही के दोरान अपनी गाड़ियां मौके पर ही छोड़कर भाग गए, पुलिस ने करीब 15 बाइक और चार कार जब्त की हैं। अब इनके नंबरो के आधार पर वाहन मालिको की जानकारी जुटाने के बाद उनके खिलाफ कार्यवाही किये जाने की तैयारी है। वही महिला पुलिसकर्मी से दुर्व्यवहार करने वाले आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने की धाराओ का मामला कामय किया गया है। अधिकारियो का कहना है कि लंबे समय से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर लोगो द्वारा शराब पीने की शिकायते मिल रही थी। इन शिकायतो के आधार पर शनिवार देर रात पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वहाँ शराब पी रहे लोगों की धरपकड़ शुरू की। पुलिस ने यहाँ शराब पी रहे अनूप, अभिषेक, कमलेश गौर, जितेंद्र गौर समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया हे। वही मौके पर वाहन छोड़कर भागे लोगो का पुलिस उनका पता लगा रही है। पुलिस कार्रवाई के दौरान

डॉक्टर दंपत्ति के सूने मकान पर पडा चोरो का साया

भोपाल। राजधानी के निशातपुरा थाना इलाके मे अज्ञात बदमाशो ने डॉक्टर के सूने मकान को अपना निशाना बनाकर हजारो का माल उडा दिया। बताया गया है कि फरियादी ने एक मकान कोलार थाना इलाके मे लिया था, ओर फिलहाल वो वही रह रहे थे, लेकिन पुराने मकान मे भी उनका सामान रखा हुआ था। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर संकल्प शोभने पुत्र अजय कुमार शोभने (43) की पत्नि उपासना शोभने भी डॉक्टर हैं। उनकी सिंधी कॉलोनी और अयोध्या बायपास में डेंटल क्लीनिक है। उन्होने अपनी शिकायत मे बताया कि उनका मकान करोंद इलाके मे स्थित विवेकानद कॉलोनी मे है। उन्होने कोलार मे नया मकान लिया था, जिसके बाद वो परिवार सहित वही रहते हैं। इस बीच वो करोंद इलाके मे मकान की देखरेख के लिये आते रहते थे, ओर उनका काफी सामान भी इस मकान मे रखा हुआ है। बीती 13 को उनके पडोसी ने फोन कर बताया कि उनके मकान का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद संकल्प ने इसकी सूचना पत्नी को देते हुए उन्हे जाकर देखने को कहा। पत्नी ने जब करोंद वाले मकान पर जाकर देखा तो उन्हे कमरो मे रखा सारा सामान बिखरा हुआ नजर आया। इसके बाद डॉक्टर शोभने ने थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुचीं पुलिस ने जॉच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। बताया गया है कि बदमाश मकान मे रखे सोने के पुराने जेवरात सहित अन्य माल बटोरकर ले गए हैं। पुलिस आरोपियो की सुरागशी के प्रयास कर रही है।

रात को मकान मे लगी भीषण आग, सिलेंडर ब्लस्ट से उठी लपटे कई किलोमीटर तक आई नज़र

भोपाल। राजधानी के कोहेफिजा थाना इलाके मे स्थित इंदविहार कॉलोनी पंचवटी में शनिवार- रविवार की करीब आधी रात को उस समय हंडकप मच गया जब यहा एक मकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी विकाराल थी कि उसकी लपटे काफी दूर से नज़र आ रही थी। यह बात सामने आई है कि मकान में रहने वाले दंपत्ति के बीच विवाद हो गया था, जिसके कुछ देर बाद ही मकान मे आग लग गई। सुत्रो का कहना है कि पत्नि के साथ झगडे के बाद पति ने ही मकान को आग के हवाले कर दिया, वही यह भी कहा जा रहा है कि झोपड़ी नुमा बने मकान में आग लगने के कारण एक सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया, इससे बाद भीषण आग लगी जिसकी लपटे काफी दूर तक नजर आई आसपास रहने वालो मे दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पहुचे बैरागढ़ फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फायर अफसरो का कहना है कि यदि आग पर समय रहते काबू नही पाया जाता तो तेजी से फैलती आग आसपास के घरों को भी चपेट मे ले लेती जिससे बड़ा हादसा हो सकता था।

मुख्यमंत्री 16 मई को अनुग्रह राशि का वितरण करेंगे

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल से 16 मई को प्रात- 11 बजे मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना एवं मध्यप्रदेश भवन सन्निर्माण कल्याण मण्डल के हितग्राहियों को सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके खाते में वितरण करेंगे। इस अवसर पर संबल-2 पोर्टल का शुभारंभ भी प्रस्तावित है।

म प्र राज्य शूटिंग अकादमी हेतु संभाग का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 17 मई को सीहोर में

भोपाल। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के लिए भोपाल संभाग के भोपाल, रायसेन, व सीहोर ज़िले का प्रथम चरण का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 17 मई को दोपहर 02 बजे बैडमिंटन हाल चर्च ग्राउंड सीहोर में आयोजित किया गया है। प्रथम चरण के चयन ट्रायल में कोई भी बालक-बालिका जिसकी आयु 13 वर्ष से अधिक व 16 वर्ष से कम हो आधार कार्ड, गत परीक्षा की अंक सूची व 1 पासपोर्ट साइज़ फ़ोटो के साथ लेकर सम्मिलित हो सकता है। प्रथम चरण में खिलाड़ियों को द्वितीय चरण की चयन ट्रायल के लिए चयनित किया जाएगा। अंतिम चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को राज्य शास्त्र द्वारा निःशुल्क उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, आवास, पौष्टिक आहार, खेल किट, उपकरण, शिक्षा एंव टूर्नामेंट एक्सपोजर सहित अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

कैंसर की बीमारी से पीडीत युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल। नये शहर के अयोध्या नगर थाना इलाके में कैंसर की बीमारी से पीडीता युवक द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौपते हुए आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। थाना पुलिस ने बताया कि ए सेक्टर अयोध्या मे रहने वाला 35 वर्षीय मिलन शर्मा पुत्र खेमचंद शर्मा प्रायवेट नौकरी करता था। उसे मुंह का कैंसर हो गया था। कैंसर की बीमारी को लेकर लेकर वो काफी मानसिक तनाव मे रहने लगा था। परिवार वालो ने पुलिस को बताया कि रात को मिलन परिवार के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। अगली सुबह परिवार वालो की नींद खुली तो उन्हे मिलन का शरीर फांसी के फंदे पर झूलता नजर आया। परिजन उसे तुरंत ही फंदे से उतारकर इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जॉच शुरु कर दी है। पुलिस का कहना है कि परिवार वालो से हुई बातचीत के आधार पर सामने आया है कि मिलन ने कैसंर की बीमारी के कारण तनाव मे आकर ही यह आत्मघाती कदम उठाया है।

थाने मे छेडछाड के आरोपी द्वारा फांसी लगाने की घटना, टीआई सहित 5 पुलिसकर्मी लाइन अटैच

भोपाल। राजधानी के कमला नगर थाने के लॉकअप मे छेडछाड के आरोपी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की घटना मे पुलिस कर्मियो पर गाज गिर गई है। विभाग ने इस मामले में एक्शन लेते हुए थाना प्रभारी सहित 5 पुलिस कर्मचारियों को लाइन अटैच कर दिया है। इनमें कमला नगर थाना प्रभारी शहबाज खान, नाइट अधिकारी एसआई लक्ष्मण राय, विवेचक एएसआई चंद्रहास चौबे और हवलदार जगदीश पाटिल शामिल है। गौरतलब है कि पुरानी शबरी नगर मे रहने वाला 25 वर्षीय गोलू मजदूरी करता था। गोलू के खिलाफ उसकी 31 वर्षीय भाभी ने शुक्रवार दोपहर करीब 11 बजे छेड़छाड़ की शिकायत की थी।

अग्नि सुरक्षा के उपकरण एवं बचाव के उपाय के लिए निरंतर की जा रही है जांच एवं नागरिकों को किया जा रहा है जागरूक

निगम के अग्नि सुरक्षा दल द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, रहवासी क्षेत्रों तथा अस्पताल एवं नर्सिंग होम व होटलों की जा रही है जांच

भोपाल। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी के आदेश पर नगर निगम, भोपाल द्वारा बहुमंजिला इमारतों, सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने और अग्नि सुरक्षा से बचाव के लिए व्यवसायियों, रहवासियों को जागरू करने के लिए निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। नगर निगम द्वारा अग्नि दुर्घटना से बचाव एवं उसके उपाय के लिए सुरक्षा उपकरणों की निरंतर जांच कर रहवासी एवं व्यवसायी प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा के उपकरण लगाने हेतु कार्यवाही की जा रही है। निगम के अग्निशमन दस्ते ने इस सर्वेक्षण में सभी वाणिज्यिक मालिकों, कर्मचारियों और उपयोगकर्ताओं को अग्नि सुरक्षा उपकरणों और जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। अग्नि सुरक्षा दस्ते ने नागरिकों को अपने परिसर में अग्निशामक यंत्र रखने के बारे में जागरूक किया गया और कर्मचारियों को बुद्धिमानी से उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित भी किया गया साथ ही आग से बचने, धुएं को रोकने और आग से बाहर निकलने के लिए एहतियाती उपाय किए गए। दमकल विभाग चाहता है कि हर घटना से बचा जाए और ऐसी किसी भी घटना में जान-माल की सुरक्षा की जा सके। निगम आयुक्त श्री चौधरी के आदेश पर अपर आयुक्त अग्नि सुरक्षा श्री परिहार ने अग्नि सुरक्षा की जांच के लिए टीमे बनाकर अग्नि सुरक्षा दस्ता व्यवसायिक प्रतिष्ठान, रहवासी क्षेत्रों तथा अस्पताल/नर्सिंग होम आदि संस्थानों में सुरक्षा उपकरणों की जांच निरंतर कर रही है और नागरिकों को अग्नि सुरक्षा से बचाव के लिए जागरूक भी कर रही है।

गर्मी बढ़ा सकती है ब्रेन स्ट्रोक, मल्टी आर्गन फेल्योर का खतरा

गर्मी व लू आपके दिमाग को भी नुकसान पहुंचा सकती है

भोपाल। देश व प्रदेश में तापमान 42 से 45 के बीच चल रहा है। शहर में भी यही हाल है। ऐसे में सभी लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं। ये गर्मी और लू अपने साथ कई स्वास्थ्य व शरीरिक समस्याएं भी लोगों के सामने ला रही है। इन सस्मयाओं से बच्चों से लेकर घर बुजुर्ग भी प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी की वजह से लोग डिहाइड्रेशन, पेट दर्द, उल्टी, बुखार और डायरिया जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे है। लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञों की मानें तो गर्मी व लू आपके दिमाग को भी नुकसान पहुंचा सकती है। गर्मी की वजह से मिर्गी, दिमागी दौरे, अस्थिरता व सुस्ती के साथ चेतना की गड़बड़ी और ब्रेन स्ट्रोक की समस्या भी खड़ी कर रही है। इसलिए इस भीषण गर्मी से बचने के हर संभव प्रयास करने चाहिए।

दरअसल, जब गर्मी में पसीना अधिक निकलने की वजह से हमारे शरीर में जब पानी की कमी होने लगती है तो ये हमारा ब्रेन और बाकी अंग भी काम करना बंद कर देते हैं। इससे सामान्य आबादी की तुलना में, बच्चे, बुजुर्ग और मानसिक स्वास्थ्य समस्या वाले रोगी में ज्यादा इन बीमारियों का खतरा होता है। इसलिए जरूरी है कि आप डिहाइड्रेशन से बचें। साथ ही गर्मी और लू के असर को अपने शरीर पर कम करने की कोशिश करें। क्योंकि गर्मी में पानी की कमी के साथ साथ पोटेशियम, सोडियम सहित अन्य मिनरल्स की कमी भी हो जाती है। जिससे दिमाग सहित शरीर के अन्य अंग काम करना बंद करना शुरू कर देते हैं। इससे मल्टी आर्गन फेल्योर होने की समस्या सामने आती है।

बच्चों के लिए गर्मी और लू से बचाव के टिप्स

अपने शिशु को पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ दें। बच्चों में गर्मी से संबंधित बीमारियों की पहचान करना सीखें और इनके लक्षणों पर ध्यान दें। डिहाइड्रेशन की जांच करने के लिए बच्चे के पेशाब का रंग देखें। अगर पेशाब गहरे रंग का हो तो ये डिहाइड्रेशन का संकेत हो सकता है। इसके अलावा अगर आप कहीं ट्रेवल कर रहे हैं तो अपने बच्चे को बिना निगरानी के धूप में खड़ी कार में न छोड़ें।

-बड़े और बुजुर्गों के लिए बचाव के टिप्स

जितना हो सके धूप से दूर रहें और इसके लिए आप बाहर जाते समय छाते का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा आप कुछ खास चीजों का भी ध्यान रखें जैसे कि खूब पानी पिएं, हाइड्रेशन बढ़ाने वाले फल और फ्रूट खाएं और जरूरत पडने पर ठंडा होने के लिए जगह ढूंढें और लू से बचें।

लंदन स्थित कंपनी अपने कर्मचारियों को कैश में नहीं गोल्ड में वेतन देगी

लंदन। लंदन स्थित कंपकर्मचारियों को कैश में नहीं गोल्ड में वेतन देगीनी के सीईओ कैमरन पैरी अपने कर्मचारियों को कैश में नहीं गोल्ड में वेतन देगी।कंपनी का नाम टैलीमनी हैं, यह वित्तीय सेवाएं मुहैया कराती है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पैरी ने कंपनी के कुछ शीर्ष अधिकारियों के साथ इसका प्रयोग शुरू किया हैं, जल्द ही इस सभी कर्मचारियों के लिए लागू किया जाएगा। पैरी का कहना है कि वह ऐसा अपने कर्मचारियों को मुद्रास्फीति के प्रभाव से बचाने के लिए कर रहे हैं। बकौल पैरी, इस समय में जब पारंपरिक धन लगातार अपनी क्रय शक्ति खो रहा है, सोना लोगों को मुद्रास्फीति से आगे रहने का सबसे अच्छा मौका देता है। पैरी ने कहा कि पाउंड की वैल्यू खतरनाक गति से घट रही थी, जबकि इस साल सोने का मूल्य लगातार चढ़ रहा था। उन्होंने कहा कि ये बदलाव एक खुले घाव पर मरहम लगाने जैसा है। कंपनी के पास 20 से कुछ अधिक कर्मचारी हैं और फिलहाल के लिए ये प्रयोग केवल वरिष्ठ कर्मचारियों के साथ किया जा रहा है। लेकिन कंपनी की योजना पूरे बोर्ड में नई वेतन योजना का विस्तार करने की है। बताया जा रहा हैं कि पैरी खुद अपना वेतन सोने में ले रहे हैं। पैरी ने कहा, जब पाउंड और पेंस में बिकने वाली वस्तुओं और सेवाओं को गोल्ड से खरीदा जाता है, तब इसकी वैल्यू और बढ़ जाती है। दरअसल, कंपनी की इस नई वेतन व्यवस्था से तात्पर्य कर्मचारियों को गोल्ड की ब्रिक या बिस्किट देना नहीं है। कर्मचारियों को वेतन भुगतान के समय पाउंड से गोल्ड का एक्सचेंज रेट उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाएगा। हालांकि, कर्मचारी इस नई व्यवस्था से बाहर रहना भी चुन सकते हैं और सीधे पाउंड में वेतन प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि यूनाइटेड किंगडम में रहने की लागत लगातार बढ़ रही है और पाउंड का मूल्य दो साल के निचले स्तर पर आ गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने चेतावनी दी है कि 2022 अर्थव्यवस्था के लिए मंदी का साल होगा।

मेहगांव बिजली विभाग की घोर लापरवाही

बरासों फीडर पर है दबंगो का कब्जा नही होती कभी कोई कार्यवाही जिम्मेदार नही देते ध्यान।

भिण्ड। मेहगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरासों फीडर जो कि सोनू गुर्जर की जगह पर बना हुआ है उनको ही बिजली विभाग ने वहाँ का ऑपरेटर बनाया है उनकी दवंगई के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बरासों फीडर के अंतर्गत पतलोखरी छाजूपुरा सुरुरु सिलऊपुरा नीमगाँव आदि कई गांव आते हैं जो बिजली के लिए परेशान हो रहे हैं।

नही आयी परसों 11बजे से बिजली 48डिग्री टेम्परेचर में लोगों के हाल बेहाल

वहां के लोगो का कहना है कि जबसे बरासों में फीडर बना है तबसे कभी भी रेगुलर नही मिलती बिजली जबकि दबंगों के घर पर कभी बिजली जाती नही है उन्होंने लाइन डालते समय कई कट पॉइन्ट बनाये हैं जब मन आया तब फॉल्ट का नाम लिया और लाइन को बंद दिया जाता है

बोला जाता है फीडर पर बिल जमा करोगे तो मिलेगी लाइट

बड़े बड़े कार्यक्रमो में पैसे लेकर लाइट चालू की जाती है इस फीडर पर क्यों नही है बरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान इस फीडर के अंतर्गत आने वाले 20 गांव में छोटे बच्चे बुजुर्ग सभी के हाल बेहाल हैं।उन्होंने एक पत्रकार को बताई अपनी आपबीती बोले चुनाव के समय नेता आते हैं और कई बड़े बड़े बादे करते हैं लेकिन आज इतनी भीषण गर्मी में सभी अपनी अपनी एसी में सो रहे हैं नहीं ले रहे कोई खबर। वर्जन-फीडर हमारी जगह में लगा हुआ है जमीन दान में दी थी फीडर पर दो संविदाकर्मी ऑपरेटर की ड्यूटी रहती है पैसों के बारे में हमारे द्वारा कभी कोई भी बात नहीं कही गई।

नगर परिषद के द्वारा स्वच्छता अभियान की उड़ाई जा रही धज्जियां कई वार्डों में नहीं हो रही साफ सफाई वार्ड वासियों द्वारा सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की जा रही मांग वार्ड नंबर 6 में नालियों का निर्माण कराए जाने की मांग की

पलेरा के बार्ड नंबर 6 में नाली ना होने के कारण बार्डवासी परेशान

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
जिला ब्यूरो अजय खंगार

पलेरा- नगर पलेरा में स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही है एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं वही नगर परिषद पलेरा के द्वारा में स्वच्छता अभियान में नंबर वन बनने के लिए विज्ञापनों एवं तमाम होल्डिंग बोर्ड लगवा कर लाखों करोड़ों रुपए स्वच्छता के नाम पर खर्च कर दिए गए हैं लेकिन जमीनी हकीकत देखी जाए तो 1 नंबर वार्ड से 15 वार्ड में गंदगी का साम्राज्य लगा हुआ है कहीं भी सही तरीके से सफाई नहीं की जा रही है जिससे नगर वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही नगर परिषद पलेरा की लापरवाही एवं उदासीनता सामने आ रही है पलेरा के बार्ड नंबर 6 में नाली ना होने के कारण जो वहां पर पानी भर रहा है जो कि वहां के स्थानीय लोगों को निकलने में परेशानी होती है निकल नही पाते है जबकि वहा के स्थानीय लोगों का कहना है कि हम लोगो द्वारा कई बार नगर परिषद में शिकायत भी की गई लेकिन नगर परिषद द्वारा ना ही नाली बनाई गई और ना ही वहां पर सफाई की गई है जो कि नगर का जो भी पानी आता है सारा गंदा पानी कुआ में जा रहा है और मंदिर पर पूजा करने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वार्ड नंबर 6 के वार्ड वासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि वार्ड में जल्द ही नालियों का निर्माण कराया जाए साथ ही जो गंदगी का अंबार लगा हुआ है उसकी सफाई भी कराई जाए

शख्स इमरजेंसी निकासी गेट खोलकर पंखों पर चलने लगा

वॉशिंगटन। हवाई जहाज में उतरने और चढ़ने के लिए गेट होते हैं। लेकिन हवाई जहाज में इमरजेंसी निकासी के लिए अलग से गेट होते हैं। जिस यात्री की सीट इमरजेंसी निकासी पर होती है, एयर होस्टेस उसे विशेष रूप से आकर यह समझाती हैं, कि आपातकालीन स्थिति में गेट कैसे खुलेगा। इसके साथ अन्य निर्देश देती हैं। लेकिन अमेरिका में इमरजेंसी एग्जिट के पास बैठे एक पैसेंजर की हरकत से पूरे एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। शिकागो के ओ हेर एयरपोर्ट पर यूनाइटेड एयरलाइंस का विमान लैंड हुआ था। विमान टर्मिनल के गेट की तरफ बढ़ रहा था। टर्मिनल के गेट पर पहुंचने से ठीक पहले इमरजेंसी एग्जिट पर बैठे पैसेंजर ने हवाई जहाज का गेट खोलकर विमान के पंखों पर चलने लगा। बाद में वह उससे कूद गया। पैसेंजर की इस हरकत से एयरपोर्ट पर मौजूद सिक्योरिटी स्टाफ के बीच हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक फ्लाइट 2478 के पैसेंजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पैसेंजर की पहचान कैलिफोर्निया के एस्कॉन्डियो के रहने वाले 57 वर्षीय शख्स के रूप में हुई है। पुलिस ने इस पर लापरवाह आचरण का मुकदमा दर्ज किया है।

वीरपुर बाँध क्षेत्र के विस्थापितों के लिये बेहतर से बेहतर सुविधाएँ जुटाएँ : श्री भारत सिंह कुशवाह

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ली बैठकें

ग्वालियर। वीरपुर बाँध क्षेत्र के समीप निवासरत जिन परिवारों को विस्थापित किया जाना है उनके लिये प्रस्तावित आवासीय स्थल पर बेहतर से बेहतर बुनियादी सुविधाएँ जुटाई जाएँ। आवासीय परिसर में पानी, बिजली, स?क इत्यादि बुनियादी सुविधाओं की कमी न हो। इस आशय के निर्देश उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रस्तावित रिंग रो? की जानकारी भी अधिकारियों से ली। साथ ही वीरपुर बांध, मामा का बांध एवं गिरवाई क्षेत्र को पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव पर तेजी से काम करने को कहा।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने रविवार को गाँधी रो? ग्वालियर स्थित अपने स्थानीय निवास पर जल संसाधन, लोक निर्माण एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही कार्यों को जल्द से जल्द और पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

श्री कुशवाह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र में निर्माणाधीन स?कें तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं। उन्होंने बरसात से पूर्व स?कों का काम पूर्ण करने पर बल दिया। इसी तरह जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने जलाशयों का जीर्णोद्धार युद्ध स्तर पर करें, जिससे बरसात के पानी को सहेजा जा सके। उन्होंने कहा मुरार ग्रामीण क्षेत्र में हरसी हाईलेवल नहरों के काम को भी तेजी से मूर्तरूप दिया जाए।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र में सीएम राईज स्कूल के लिये जल्द से जल्द स्थल चयन कर भूमिपूजन कराएँ, जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा मिल सके। उन्होंने सीएसआर मद से स्कूलों में मंजूर कार्यों को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने पर बल दिया।

इन बैठकों में मुख्य अभियंता लोक निर्माण श्री आर एल भारती, मुख्य अभियंता जल संसाधन श्री आर पी झा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण श्री ओमहरि शर्मा व कार्यपालन यंत्री जल संसाधन श्री आर एल शर्मा तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री विकास जोशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

दिग्विजय सिंह जी पर आरोप लगाने वाले बीडी शर्मा अपने गिरेवान में झांकें: डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। गुना में मृत हुए पुलिस के शहीदों पर घिनोनी राजनीति करने वाले मप्र भाजपा के अध्यक्ष बीडी शर्मा को आज भेजे गए ईमेल पत्र में vdsharmal®}}@gmail.com शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने करारा जबाव देते हुए कहा कि मप्र में बिग?ती कानून व्यवस्था, हत्या, डकैती, लूट, रेप को रोकने में नाकाम भाजपा सरकार की गलतियों को छिपाने का कृत्य भाजपा कर रही है और मनगढ़ंत, झूठे, बेबुनियाद आरोप मप्र के पूर्व मंत्री श्री जयवर्धन सिंह पर थौपकर बीडी शर्मा अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दे रहे है। आज मप्र में अधेंर नगरी और भाजपा के षिवराज सिंह चैहान का चैपट राज चल रहा है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने भाजपा प्रदेष अध्यक्ष बीडी शर्मा को करारा जबाव देते हुए कहा कि मुरैना में आईपीएस की हत्या, धार में पुलिस बल पर डॉग से हमला के साथ ही निरंतर भाजपा शासन में अपराधियों द्वारा बहन, बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटना, चोरियां एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने में नाकाम भाजपा शासन में बिगड़ती कानून व्यवस्था का घिनोना चेहरा जनता के सामने आ गया है, प्रदेष के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्गविजय सिंह एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह पर आरोप लगाने वाले बीडी शर्मा अपनी हताषा और सरकार की नाकामी को छिपाने का कृत्य कर रहे है, अभितक गुना में पुलिस के मृत जवानो घटना स्थल पर मुख्यमंत्री षिवराज सिंह चैहान का न जाना इस बात का दर्षाता है कि पुलिसकर्मियों की हत्या करने वाले अपराधी कहीं न कहीं भाजपा से सांठगांठ रखते है। जब पूरे अंचल पूरे प्रदेश में अपराधी पुलिस बल पर हमला करेंगे तो पुलिसकर्मी क्या करेंगे? शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने गुना जिले में शहीद हुए राजकुमार जाटव, नीरज भार्गव, संतराम को शोक संवेदना देते हुए कहा कि इनके परिवार को इस दुख की घड़ी में ईष्वर शक्ती प्रदान करें।

भाजपा अपराधियों की जमात

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा अपराधियों की जमात है और अपराधी पैदा करना और अपराध करवाना और फिर अपराधियों का छु?वाना भाजपा की कार्यषैली है, कोरोना काल में रेमडिसीवर इंजेक्षन की कालाबाजारी करते हुए जिलाबदर अपराधी को भाजपा ने मंत्री बनाया है और छु?वाया है, सेक्स रैकेट में दोषी पाई गई ग्वालियर की भाजपा नेत्री को भाजपा ने बचाया है और भाजपा के भूमाफिया ग्वालियर में सरकारी जमीन पर कब्जा करके अवैध कालोनी काटने वाले एवं मैरिज गार्डन बनाने वाले को भी भाजपा ने बचाया है, भाजपा के अनेक भू, रेत, शराब और स्मेक माफिया ग्वालियर में सक्रिय है, पूरे महानगर में भाजपा के अनेक समर्थक स्मेक, अवैध शराब बेचकर धंधा कर रहे है जिन्हे भाजपा का संरक्षण मिला हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ एवं व्यापारी प्रकोष्ठ की बैठक आज

ग्वालियर। भाजपा बुद्धजीवी प्रकोष्ठ एवं भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कल 16 मई को शाम 5 बजे सिटी सेंटर स्थित होटल रॉयल इन में एक बैठक आयोजित होगी। उक्त बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता महानगर ग्वालियर के उद्योगपतियों, व्यापारियों, डॉक्टर, अन्य गणमान्य विषिष्ट व्यक्तियों से मुलाकात एवं संवाद करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गिरीष इंदापुरकर एवं भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपक पमनानी ने बताया कि उक्त बैठक में प्रभारी मंत्री श्री तुलसी सिलावट, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, जिला प्रभारी श्री मधु वर्मा एवं सह जिला प्रभारी श्री अरूण चतुर्वेदी उपस्थित रहेंगे।

दीप जलाकर भाजपा ने दी गुना शहीदों को श्रद्धांजलि

ग्वालियर। गुना जिले में शिकारियों के साथ हुई मुठभे? में शहीद हुए गुना पुलिस के सब इंस्पेक्टर श्री राजकुमार जाटव, आरक्षक श्री नीरज भार्गव, आरक्षक श्री संतराम रावत को भारतीय जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ द्वारा भाजपा ग्वालियर महानगर अध्यक्ष श्री कमल मखीजानी के नेतृत्व में हेमू कॉलोनी चौक महाराज बाडा पर दीप जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, विवेक जोशी, हरीश मेवाफरोश, विनोद शर्मा, गिरीश इंदापुरकर, पवन गणफुले, असलम खान, गौरव वाजपेयी, चंद्रप्रकाश खण्डेलवाल, पदमा शर्मा, रमा जादौन, बबीता तोमर, देवेंद्र सिसौदिया, विपुल जैन, विपिन विहारी गोयल, राज भौंड, विनोद पवैया, चेतना तोमर, मुरारीलाल मित्तल, नीरज जैन, प्रिंस मझवार, गोविंद पटसारिया सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तीनों विधानसभाओं में भाजयुमो द्वारा यूथ कनेक्ट भाषण प्रतियोगिता आज

ग्वालियर। भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्वालियर महानगर द्वारा कल 16 मई को यूथ कनेक्ट भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उक्त जानकारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने दी। 15 ग्वालियर विधानसभा में प्रतियोगिता दोपहर 12 बजे होटल शेल्टर पड़ाव में होगी। इसमें मुख्य अतिथि उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी उपस्थित रहेंगे। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा में प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे बाल भवन में होगी। इसमें मुख्य अतिथि बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल एवं जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी उपस्थित रहेंगे। 14 ग्वालियर दक्षिण विधानसभा में प्रतियोगिता शाम 4 बजे जिला कार्यालय मुखर्जी भवन में आयोजित होगी। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेष कार्यसमिति सदस्य श्री जयप्रकाष राजौरिया एवं जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी उपस्थित रहेंगे।

बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर भंते व संतो का सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री पुरुषोत्तम बनोरिया द्वारा तथागत भगवान बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर थाटीपुर कबीर कॉलोनी पुष्प बुद्ध विहार में भंते एवं साधु संतों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मध्य प्रदेश खाद्य निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल जी एवं अध्यक्षता भंते सदातिष जी, विशेष अतिथि के रुप में महानगर के द्वय महामंत्री हरीश मेवाफरोश जी, विनोद शर्मा जी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि मुन्नालाल गोयल ने तथागत बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सत्य अहिंसा तथा पंचतत्व उल्लेख किया सम्मानित होने वालों में भंते जीवक जी, भंते आनंद जी, संत शिरोमणि गिरिराज महाराज, श्याम दास महाराज, रामदास महाराज, महंत श्री हरिदास जी महाराज एवं घासीदास महाराज जी का शॉल श्रीफल और फल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आभार व्यक्त भाजपा नेता शिवराम जाटव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कौशल द्वारा किया गया। इस मौके पर शोभाराम ठेकेदार, सूरज ऐशवार, सुनील कौशल, साहब सिंह चंदेल, जयंत राम, जसवंत सनाढ्य, मनीष खान, भरत बंसल, रिंकू सेवरिया सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण 17 को

ग्वालियर। जिले में नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की तैयारियां जारी हैं। इस क?में में 17 मई को जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण रखा गया है। यह प्रशिक्षण प्रातः 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भोपाल से राज्य स्तरीय मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान खासतौर पर नाम निर्देशन पत्रों की प्रस्तुति, जाँच, प्रतीक आवंटन, स्थानीय निकायों के चुनाव में रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसर की भूमिका सहित चुनाव से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की बारीकियाँ समझाई जायेंगीं।

दो दिवसीय स्व-उन्नति साधना शिविर का हुआ शुभारम्भ

ग्वालियर । प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थानीय शाखा माधौगंज प्रभु उपहार भवन सेवाकेंद्र पर ÷दो दिवसीय स्व-उन्नति साधना शिविर÷ का शुभारम्भ हुआ 7यह आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर थीम के अंतर्गत किया गया 7 इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बी.के. डॉ. मुकुल भाई (पुणे), लश्कर ग्वालियर की मुख्य इंचार्ज बी.के.आदर्श दीदीजी, बी.के.प्रहलाद भाई उपस्थित थे।

कार्यक्रम में बी. के. आदर्श दीदी जी ने सभी का स्वागत अभिनन्दन किया और स्व उन्नति साधना शिविर का उद्देश्य स्पष्ट किया और बताया कि स्व उन्नति अगर करनी है तो राजयोग की विधि को जानना और उसे प्रयोग में लाना अति आवश्यक है। आज हर व्यक्ति खुश रहना चाहता पर अनेकानेक बातें उसके जीवन में खुशी को कम कर देती है। इस दो दिवसीय शिविर में आप अपनी अध्यात्मिक रीति से स्व उन्नति कर सकते है और अपने आन्तरिक गुणों और शक्तियों का बड़ा सकते है।

तत्पश्चात बी.के.मुकुल भाई जी ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि मैडिटेशन को अगर हम अपनी दिनचर्या का एक हिस्सा बना ले तो आपको स्वयं ही उसके प्रयोग अपने जीवन में अनुभव होने लग जायेंगे। उन्होंने योग की विधि एवं प्रयोग के कुछ मुख्य पॉइंट्स पर प्रकाश डालते हुए समझाया ।

1-पॉइंट ऑफ लाइट - आज बहुत आवश्यक है हर कर्म करते बीच ङ्क बीच में अपने मन, वाणी और संकल्पों को एकाग्र करना। बस एक उस ईश्वर की लगन में मगन रहने का अभ्यास करें। व्यर्थ संकल्प, व्यर्थ बोल से परे और अपने आप को पॉइंट ऑफ लाइट के समान अनुभव करने का अभ्यास करें और अपना कनेक्शन उस परमात्मा के साथ जोड़ें ।

2- स्मृति का स्वरुप - हमें जो स्वमान या वरदान ईश्वर से प्राप्त हुए हैं उसको बार - बार स्मृति में लाओ और उसका अपनी दिनचर्या मे प्रयोग करो तो आपको स्वतः ही शांति का, खुशी का अनुभव होने लग जायेगा क्योकि जब तक आप शांति की अनुभूति नहीं करेंगे तब तक दूसरो को भी वह अनुभूति नहीं कर वा सकते हैं।

3- संकल्प द्वारा सेवा - कहते हैं संकल्प की शक्ति सबसे ब?ी शक्ति होती है तो आज से हम सभी एक अभ्यास को अपनी दिनचर्या मे लायेंगे की जो भी व्यक्ति मेरे संपर्क मे आ रहा है मैं उन सभी के प्रति शुभ सोचूंगी, सकारात्मक चिंतन करुँगी तो आप देखेंगे की सामने वाला मनुष्य आपके लिए भी सकारात्माक और शुभ सोचने लग जायेगा क्योकि आपकी तरफ से उस मनुष्य को सकारात्मकता का अनुभव हो रहा है।

थाना तिघरा पुलिस ने अपनी मां पर गोली चलाने वाले नाबालिग पुत्र को अवैध हथियार सहित पकड़ा

ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसेके निर्देश पर फरार आरोपियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस को सूचना मिली कि दिनांक 13.05.2022 की दरमियानी रात्री में थाना तिघरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुलैथ में महिला पर गोली चलाने वाले बाल अपचारी को मोतीझील के पास देखा गया है। उक्त सूचना पर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-मध्य श्री अभिनव चौकसे,भापुसेको थाना बल की टीम बनाकर उक्त बाल अपचारीको पकड़ने हेतु निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन नगर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री प्रमोद शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तिघरा उनि0 सुरेश सिंह कुशवाह के नेतृत्व में थाना बल की टीम बनाकर उसे मुखबिर के बताये स्थान थाना बहोडापुर क्षेत्रांतर्गत मोतीझील के पास भेजा गया। पुलिस टीम को वहां पर एक नाबालिक लड़का घुमता दिखाई दिया, जिसने पुलिस टीम को देख कर भागने का प्रयास किया। परन्तु पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

लोहामंडी स्थित दिगंबर जैन लाला गोकुलचंद मंदिर में जैन संस्कार शिविर शुरू हुआ

बच्चो को शिक्षा के साथ जैन संस्कार के बीज भी रोपण करें- पारस जैन

श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का हुआ भव्य शुभारंभ।

15 से 22 मई तक होगा आयोजित, शिविर में 181 बच्चो व महिलाओ ने लिया भाग

ग्वालियर- श्रमण मुनिश्री पुंगव श्री 108 सुधा सागर महाराज की प्रेरणा आर्शीवाद से श्रमण संस्कृति संस्थान सांगनेर जयपुर एवं श्री दिगंबर जैन मदिर लाला गोकुलचंद जैसवाल लोहमंडी के संयुक्त तत्वाधान में आठ दिवासिया 15 से 22 मई तक श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आज रविवार को उपग्वालियर लोहमंडी स्थित श्री दिगंबर जैन लाला गोकुलचंद जैसवाल पंचायती मदिर में भव्य शुभारंभ किया गया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन आदर्श कलम ने बताया कि श्रमण संस्कार शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पारस जैन अध्यक्ष सकल जैन महापंचायत ग्वालियर, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांगानेर से आये पंडित प्रतीक जैन शास्त्री अमरकंटक एवं पंडित सचिन भाई शास्त्री बांदकपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर समिति के अध्यक्ष पदमचंद्र जैन ने की। सर्व प्रथम भगवान महावीर स्वामी के चित्र का अनवतण जैन सोशाल ग्रुप के अनुपम चौधरी, मुकेश जैन आशीष जैन ने किया। वही मुख्यअतिथि पारस जैन ने दीप प्रज्वालित कर भव्य शुभारंभ किया। बच्चो को आठ दिवासिया श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में अध्ययन करने के लिये मुख्य अतिथिओं एवं मदिर के अध्यक्ष पदमचंद्र जैन सचिव देवेंद्र जैन शिविर संयोजक राकेश जैन व मनोरम जैन ने महिलाओ एवं बच्चों को किट वितरण की।

मुख्यअतिथि पारस जैन ने बच्चो को सम्बोधित करते हुए कहाकि बच्चो को शिक्षा के साथ जैन संस्कार के बीज भी रोपण करें। शिक्षा के साथ जैन धार्मिका संस्कार जीवन में बहुत जरूरी है। आजकल के बच्चे अपने संस्कार बुलाते जा रहे है। बच्चो को संस्कार और संस्कृति की सही दिशा समाज के धार्मिक शिविरों के माध्यम से मिलती है। पंडित प्रतीक शास्त्री ने कहाकि बच्चें भगवान का रूप होते है इने बच्चो को बचपने से ही संस्कार की शिक्षा उनके माता पिता को देना चाहिए। माँ बाप की जिमेदारी होती है कि वो अपने बच्चो को सुसंस्कार देकर उनका जीवन आदर्शमय बनाये।

मदिर के अध्यक्ष पदमचंद्र जैन ने शिविर की विस्तृत जानकरी दी। अतिथिओ को स्मृति चिन्ह् भेंट किये गये। आभार मदिर के सचिव देवेंद्र जैन एवं संचालन शिविर संयोजक राकेश जैन ने किया। इस मौके पर मदिर समिति के नवरंग जैन, मनीष जैन, अभिलाष जैन, प्रवीण जैन एवं आशा जैन, बबीता जैन, आदि उपस्थित थे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478